卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 254 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦ शुक्रवार ♦20 जून 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## घर की दीवार ढहने से चार की मौत


उत्तरकाशी (उद संवाददाता)। एक घर की दीवार गिरने से परिवार के चार सदस्य मलबे में दब गए। सूचना मिलने पर आनन फानन में राहत बचाव कार्य शुरू किया गया, लेकिन तब तक चारों की मौत हो चुकी थी।जानकारी के अनुसार जनपद के राजस्व ग्राम ओडाटा के मोरा तोक स्थित गुजर बस्ती में दर्दनाक हादसा हो गया। रात करीब दो बजे गुलाम हुसैन के आवासीय मकान की दीवार अचानक ढह गई। जिससे घर में सो रहे परिवार के सदस्य मलबे में दब गए। मलवे में दबने से गुलाम हुसैन (26 वर्ष) पुत्र अली अहमद, उनकी पत्नी रुकमा खातून (23 वर्ष), पुत्र आबिद (3 वर्ष) और 10



माह की पुत्री सलमा की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर राजस्व, एसडीआरएफ और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। तब तक देर हो चुकी थी। इस हृदय विदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। सूचना मिलते ही तहसीलदार मोरी जब्बर सिंह असवाल, राजस्व उप निरीक्षक, एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिवादन बल) और पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। तहसीलदार जब्बर सिंह असवाल ने घटना की पुष्टि की और बताया कि राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया था, लेकिन दुर्भाग्यवश चारों सदस्यों को बचाया नहीं जा सका। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दीवार गिरने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन क्षेत्र में हुई हालिया भारी बारिश या मकान की स्थिति को एक संभावित कारक के रूप में देखा जा रहा है। प्रशासन द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## तीन कारों की भिड़ंत में एक की मौत,तीन घायल

देहरादून(उद संवाददाता)। सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक और हादसे में धूलकोट डाट काली मंदिर के पास तेज रफ्तार तीन कारों की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई, जबकि कार सवार तीन लोग



गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी ग्राफिक एरा अस्पताल में भर्ती किया गया है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हादसे की पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक रॉंग साइड से तेज रफ्तार में (शेष पृष्ठ सात पर)

## सिटी क्लब चुनाव: आठ सदस्यों के लिए 11 नामांकन

रुद्रपुर। सिटी क्लब प्रबंध समिति हेतु आगामी 22 जून को आठ सदस्यों के लिए होने वाले चुनाव से पूर्व आज सिटी क्लब दावेदारों द्वारा अपने नामांकन पत्र जमा करवाये गये। जिन दावेदारों द्वारा नामांकन दाखिल कराया गया उनमें सुरेश कुमार अनुज कुमार अग्रवाल शामिल हैं। जबकि नामांकन पत्र क्रय करने के बाद सुरेश कुमार गांधी व अमित बांगा द्वारा नामांकन साथ सिटी क्लब पहुंचे। इस दौरान हरीश जल्होत्रा, विशाल भुड्डी, आकाश कटारिया, राजेश चावला, सौरभ घीक, अग्रवाल, वरूण अग्रवाल, महेश गोयल,प्रमोद मित्तल, महेश छावड़ा, हरवीर सिंह चौधरी, कुशल अग्रवाल, अमित गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रबंध समिति के सदस्यों के लिए हुए नामांकन के पश्चात नामांकन पत्रों पर आपत्ति व नाम वापसी



में सदस्य पद के 11दावेदारों द्वारा नामांकन कराया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी बरीत सिंह व सहायक चुनाव अधिकारी अशोक सिंघल व अमित गंभीर के समक्ष सभी ढींगरा, विजय कुमार अग्रवाल, मनीष गगनेजा, मनोज गुम्बर, संजय ठुकराल, सुखदेव सिंह भल्ला, केवल कृष्ण अरोरा, पंकज बांगा, नरेन्द्र बंसल, राजेश घीक व पत्र दाखिल नहीं कराये गये। अमित बांगा का कहना था कि उन्होंने पंकज बांगा को अपना समर्थन दिया है। इससे पूर्व सदस्य पद के सभी दावेदार अपने समर्थकों के चिराग, जोमी चांडा, बॉबी फुटेला, जितेन्द्र गांधी, मनीष साहनी, चन्द्रमोहन गाबड़ी, हरीश अरोरा, विजय फुटेला, प्रदीप अग्रवाल, राजेन्द्र तुलसियान , पुरूषोत्तम अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, अशोक कालड़ा, जगदीश ठुकराल, गुलशन नारंग, राजकुमार बांगा, सुषमा अग्रवाल आदि की प्रक्रिया जारी थी। 22 जून को प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे तक मतदान होना है। इसी दिन मतदान के पश्चात मतगणना और परिणाम घोषित किये जायेंगे।

## मिट्टी में सात घड़ा सोना बताकर व्यापारी से दो लाख लूटे

### रात के अंधेरे में वर्दी में आए बदमाशों ने दिया लूट को अंजाम

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र में मिट्टी में दबे सात घड़ों में सोना निकालने का लालच देकर मुरादाबाद के एक व्यापारी के साथ 2 लाख रूपये की लूट का मामला सामने आया है। पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुरादाबाद उत्तर प्रदेश के कंप्यूटर हार्डवेयर के व्यापारी अमित रस्तोगी पुत्र स्वर्गीय अनिल कुमार रस्तोगी ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि उसका मकान कोठीवाल नगर मुरादाबाद में है, जिसमें पिछले तीन वर्ष से रमेश चंद्र सिंह उर्फ मुन्ना सरदार का परिवार किराए पर रहता है। अमित के मुताबिक जब वह अपना किराया लेने मुन्ना सरदार के घर पर गया तो उसके द्वारा बताया कि मेरे परिचित एक डॉक्टर सर्वेश अग्रवाल है जिन्होंने बताया कि उधम सिंह नगर के नानकमत्ता क्षेत्र में एक स्थान पर मिट्टी में सात घड़ा सोना निकला है। जिसको मैंने व मेरे दोनों बेटों मुन्ना सरदार तथा नोनू सरदार एवं उनके परिचित सर्वेश अग्रवाल द्वारा नानकमता में जाकर एक दुकान पर सोना चेक भी करवाया है जो कि बिल्कुल शुद्ध है। मुन्ना सरदार द्वारा बताया गया कि उनको पैसों की आवश्यकता है इसलिए वह सोने में पैसा लगाकर बढ़ोतरी कर सकते हैं। अमित रस्तोगी ने बताया कि सोने में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए लालच में आकर सोनू सरदार और उनके पुत्रों की बातों में आ गया और अपनी पत्नी के गहने गिरवी रखकर कुछ रुपए की अपने दोस्तों रिश्तेदारों से व्यवस्था कर दो लाख रुपए का इंतजाम किया। अमित रस्तोगी ने बताया कि 20 फरवरी को हम लोग मुन्ना सरदार सोनू सरदार नोनू सरदार और मैं वेन्यू गाड़ी जो कि सोनू सरदार की थी से नानकमत्ता आए और उस दिन सोनू सरदार अपने फोन से नानकमत्ता के रहने वाले राजू सरदार से बात कर रहा था लेकिन दिन में हमारी मुलाकात नहीं हुई। तब वह सितारगंज (शेष पृष्ठ सात पर)

## अधेड़ का शव मिलने से सनसनी

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के हल्द्वानी रोड पर प्राइमरी स्कूल के नजदीक एक अधेड़ युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों द्वारा कोतवाली पुलिस को सूचना देने पर मौके पर पहुंची पुलिस में अज्ञात अधेड़ व्यक्ति के सबको कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान करने के प्रयास किया जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार प्रात: हल्द्वानी रोड स्थित प्राइमरी स्कूल के पास सड़क किनारे एक अधेड़ व्यक्ति के शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक की पहचान करने का प्रयास किया आसपास के लोगों का कहना था कि प्रात: जब वह उठे तो उन्हें सड़क किनारे व्यक्ति के पड़े होने की जानकारी मिली जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई। घटनास्थल के निरीक्षण करने पर प्रथम दृष्टया अधेड़ युवक के किसी अज्ञात वाहन से टकराने की संभावना प्रतीत हो रही है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी मौके पर कांस्टेबल बृजमोहन सहित उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद मौजूद थे।

## पहाड़गंज में भवनों पर लाल निशान से हड़कंप

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला विकास प्राधिकरण द्वारा जिलाधिकारी के निर्देश पर विगत दिवस फाजलपुर, प्रीत विहार में सीलिंग व सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनाए जा रहे भवनों को जेसीबी मशीन से ध्वस्त करने के बाद अब मौहल्ला पहाड़गंज में अवैध रूप से बनाया गए भवनों पर क्रमांक



के साथ लाल निशान लगाने का काम शुरू करने से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया है। जिला विकास प्राधिकरण के कर्मचारी लाल निशान लगाने में जुटे हैं। बताया जा रहा कि अब तक तीन सौ से अधिक अवैध भवनों पर यह निशान लगा दिए गए हैं। डीएम नितिन सिंह भदौरिया के निर्देश पर चल रही कार्यवाही ने प्रीत बिहार और पहाड़गंज के लोगों की नींद उडा रखी है। प्रीत बिहार में जहां सीलिंग की जमीन है तो पहाड़गंज में सरकारी जमीन पर पिछले लंबे समय से अवैध निर्माण हो रहे थे। गौरतलब हो कि पहले एडीएम नजूल एवं सचिव जिला विकास प्राधिकरण पंकज उपाध्याय ने पहाड़गंज में अनेक स्थानों का निरीक्षण किया (शेष पृष्ठ सात पर)

## गोलीकांड का आरोपी पिस्टल सहित गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। खेड़ा कालोनी में हुए गोलीकांड के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से पिस्टल भी बरामद की। जबकि अन्य दो फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। बता दें कि खेडा कालोनी वार्ड 17 रुद्रपुर निवासी मोहम्मद



इमरान पुत्र मोहम्मद हारून ने पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर में कहा कि 18 जून 2025 की रात नन्दन उर्फ चंदन,ईजाज, रिजवी घर के बाहर एक युवक के साथ मारपीट कर रहे थे। घर के बाहर शोर शराबा सुन कर पिता बाहर आए तो उक्त लोगों को समझाया। इस पर उक्त लोगों ने उसे जान से मारने के इरादे से फायरिंग कर दी। इससे उसके दाहिने हाथ में गोली लगी। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की सहायता से संदिग्धों से पूछताछ की गई। नामजद आरोपियों में अभियुक्त नन्दन ऊर्फ चन्दन पुत्र राजकुमार यादव निवासी – वार्ड 17 खेडा (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखंड में नौकरशाहों के बंपर तबादले

## चार जिलों के डीएम समेत 31 आईएएस और 24 पीसीएस अफसरों के तबादले
## सीडीओ ऊधमसिंह नगर मनीष कुमार को चंपावत जनपद का डीएम बनाया गया

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में धामी सरकार ने तबादला एक्सप्रेस चला कर कई आईएएस और पीसीएस अफसरों से तबादले किए है। सरकार ने बृहस्पतिवार की देर रात नौकरशाही में बड़े फेरबदल कर चार जिलों के जिलाधिकारियों समेत 31 आईएएस, एक आईएफएस, एक सचिवालय सेवा और 24 पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिए। शासन द्वारा जारी आदेश के मुताबिक पौड़ी के जिलाधिकारी आशीष चौहान को अब यूकाडा का सीईओ, निदेशक खेल एवं युवा कल्याण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी जगह अपर सचिव राज्यपाल, तकनीकी शिक्षा, एनएचएम मिशन निदेशक स्वाति एस भदौरिया को पौड़ी की जिलाधिकारी बनाया गया है। सरकार ने चंपावत के जिलाधिकारी नवनीत पांडे को अपर सचिव कार्मिक की जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी जगह सीडीओ ऊधमसिंह नगर मनीष कुमार को चंपावत का डीएम बनाया गया है। रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी सौरभ गहरवार को प्रबंध निदेशक सिडकुल व महानिदेशक उद्योग बनाया गया है। उनकी जगह एमडी सिडकुल प्रतीक जैन को रुद्रप्रयाग का डीएम बनाया गया है। उत्तरकाशी के डीएम मेहरबान सिंह बिष्ट को अपर सचिव ऊर्जा, सहकारिता व निदेशक उरेडा की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उनकी जगह अपर सचिव बाल विकास व निदेशक खेल प्रशांत कुमार आर्या को जिलाधिकारी उत्तरकाशी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन को जलागम विभाग से मुक्त कर दिया गया है। आईएएस सचिन कुर्वे से सचिव पर्यटन, सीईओ पर्यटन विकास परिषद की जिम्मेदारी ले ली गई है। सचिव वित्त दिलीप जावलकर से सहकारिता हटाते हुए जलागम विभाग दिया गया है। सचिव पशुपालन एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम को सहकारिता विभाग सौंपा गया है। सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. पंकज पांडे से श्रम विभाग हटा दिया गया है। सचिव पंचायती राज चंद्रेश यादव से शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी हटाकर आयुक्त खाद्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचिव वित्त डॉ. वी षणमुगम से निदेशक ऑडिट की जिम्मेदारी हटा दी गई है। सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश कुमार से सिंचाई और लघु सिंचाई हटा दिया गया। वहीं, सचिव डॉ. नीरज खैरवाल से समाज कल्याण विभाग हटाते हुए भाषा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। सचिव नियोजन श्रीधर बाबू अद्दांकी को समाज कल्याण और श्रम विभाग सौंपा गया है। सचिव युगल किशोर पंत से भाषा और स्वजल हटाते हुए उन्हें सिंचाई, लघु सिंचाई दिया गया है। सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल से अल्पसंख्यक कल्याण हटाते हुए पर्यटन की जिम्मेदारी दी गई है। आईएफएस पराग मधुकर धकाते से जलागम हटाते हुए उन्हें विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण बनाया गया है। अपर सचिव सोनिका से सहकारिता, नागरिक उड्डयन, सीईओ यूकाडा की जिम्मेदारी हटा दी गई है। अपर सचिव विद्यालयी शिक्षा रंजना राजगुरू से ऊर्जा हटाते हुए बाल विकास एवं महिला कल्याण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, अपर सचिव आपदा प्रबंधन आनंद स्वरूप से नियोजन विभाग हटाया गया है। अपर सचिव रीना जोशी से कार्मिक हटाते हुए अपर सचिव राज्यपाल की जिम्मेदारी दी गई है। आईएएस हरीश चंद्र कांडपाल से निदेशक सेवायोजन हटाते हुए बाध्य प्रतीक्षा में रखा गया है। अपर सचिव मनुज गोयल से सैनिक कल्याण हटाते हुए उन्हें तकनीकी शिक्षा और मिशन निदेशक एनएचएम की जिम्मेदारी दी गई है। निदेशक कौशल विकास संजय कुमार से दुग्ध विकास और महिला डेरी हटाते हुए उन्हें निदेशक सेवायोजन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अपर सचिव हिमांशु खुराना से पीएम जीएसवाई के सीईओ की जिम्मेदारी वापस ली गई है। अपर सचिव पर्यटन अभिषेक रुहेला से शिक्षा हटाते हुए शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईएएस दीप्ति सिंह को श्रम आयुक्त की जिम्मेदारी से मुक्त करते हुए महानिदेशक शिक्षा बनाया गया है। दिवेश शाशनी को सीडीओ अल्मोड़ा से हटाकर सीडीओ ऊधमसिंह नगर की जिम्मेदारी दी गई है। सचिवालय सेवा के अधिकारी अपर सचिव श्याम सिंह को गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग के साथ सैनिक कल्याण भी दिया गया है।

### 24 पीसीएस अफसरों का हुआ स्थानांतरण

देहरादून। पीसीएस भरत सिंह फिरमाल को आरएफसी कुमाऊं से मुक्त कर अपर सचिव सचिवालय सेवा बनाया गया है। सचिव यूकेएसएसएससी को बाध्य प्रतीक्षा में रखा गया है। सचिव बाल आयोग शिव कुमार बरनवाल को यूकेएसएसएससी सचिव की जिम्मेदारी भी दी गई है। कुलसचिव आयुर्वेद विवि रामजी शरण शर्मा को सीडीओ अल्मोड़ा बनाया गया है। एडीएम यूएस नगर के पद से मुक्त करते हुए अशोक कुमार जोशी को निदेशक दुग्ध विकास एवं महिला डेरी बनाया गया है। त्रिलोक सिंह मर्तोलिया को ईडी चीनी मिल किच्छा से हटाकर आरएफसी कुमाऊं, आयुक्त गन्ना चीनी पीसी दुमका को अपर आवास आयुक्त, संयुक्त आयुक्त से मुक्त करते हुए श्रमायुक्त और सचिव कर्मकार बोर्ड बनाया गया है। वहीं, एडीएम उत्तरकाशी प्यारेलाल शाह को नगर आयुक्त कोटद्वार, सचिव सूचना आयोग रजा अब्बास को अपर नगर आयुक्त देहरादून का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एडीएम नैनीताल फिंचाराम को एडीएम हरिद्वार, नगर आयुक्त ऋषिकेश शैलेंद्र नेगी को एडीएम नैनीताल, नगर आयुक्त कोटद्वार वैभव गुप्ता को संयुक्त निदेशक शहरी विकास, कौस्तुभ मिश्र को डिप्टी कलेक्टर से हटाकर यूएस नगर में ही एडीएम बनाया गया है। संयुक्त निदेशक शहरी विकास मुक्ता मिश्र को एडीएम उत्तरकाशी, जीएमवीएन के जीएम दयानंद सरस्वती को डिप्टी कलेक्टर हरिद्वार, उप नगर आयुक्त देहरादून गोपाल राम बिनवाल को नगर आयुक्त ऋषिकेश, डिप्टी कलेक्टर हरिद्वार लक्ष्मी राज चौहान को जीएमवीएन का जीएम, देवेंद्र सिंह नेगी को टिहरी से हटाकर डिप्टी कलेक्टर हरिद्वार, रविंद्र सिंह बिष्ट को ऊधमसिंह नगर डिप्टी कलेक्टर से नगर आयुक्त काशीपुर, तुषार सैनी को नैनीताल से ऊधमसिंह नगर, मोनिका को बागेश्वर से नैनीताल, जितेंद्र वर्मा को बागेश्वर से पिथौरागढ़, प्रेमलाल को हरिद्वार से देहरादून, उप निदेशक शहरी विकास नीलू चावला को डिप्टी कलेक्टर टिहरी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# बेहड़ ने गुरुद्वारा नानकपुरी ठाठ में विधायक निधि से दिया फ्रीजर

### विधायक ने 34 लाख के 6 कार्यों का लोकार्पण भी किया

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने लालपुर गुरुदारा नानकसर ठाठ में शव रखने हेतु फ्रीजर बाबा सुखचैन सिंह जी व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को सौपा। बेहड़ ने लालपुर नानकसर ठाठ में माथा टेक अरदास की और सबकी कुशल की कामना की। अरदास की साथ ही कहा कि लालपुर क्षेत्र में शव रखने के लिए कोई फ्रीजर उपलब्ध नहीं था तथा उनको इस बात का संज्ञान आया इसलिए आज सार्वजानिक इस्तेमाल के लिए यहाँ फ्रीजर रखवाया जा रहा है पहले यहाँ के लोगों को रुद्पुर और किच्छा से फ्रीजर मंगवाना पड़ता था लेकिन इस फ्रीजर के बाद यहाँ आसपास के ग्राम जैसे रामेश्वरपुर, महाराजपुर ,खमरिया, नारायणपुर, मेहराया, प्रतापपुर, कनकपुर, मलसी, शिमला,आदि क्षेत्रों पर अब लालपुर गुरुद्वारा साहिब से फ्रीजर उपलब्ध हो जाया करेगा.एक बड़ी आबादी का केंद्र लालपुर है इसी कारण यहाँ फ्रेजर रखवाया गया है जिसकी रखरखाव गुरुद्वारा कमेटी नानकसर ठाठ द्वारा किया जायेगा। साथ ही सैंजनी गुरुद्वारा साहिब में लोगो के ठन्डे पानी पीने के लिए वाटर कूलर लगवाया गया है विधायक बेहड़ ने 34.30 लाख रुपए की लागत से निर्मित कराएँ गए 6 कार्यों के लोकार्पण भी किय।. इसके तहत जिला योजना के तहत ग्राम पक्की खमरिया में



अमन पारुथी जी के घर तक 200 मीटर सी०सी० सड़क लागत 19.50 लाख,तथा विधायक निधि से निर्मित ग्राम सैजनी में सी० सी० सडक का निर्माण कार्य लागत -4.25 लाख, ग्राम पक्की खमरिया में वीरपाल के घर तक सी०सी० सड़क लागत- 4.96 लाख, ग्राम महराया में बाबू के घर से अखलाख के घर तक सी०सी० कार्य लागत-2.41 लाख, ग्राम सैंजनी के गुरुद्वारा साहिब में पानी के वाटर कूलर की स्थापना का कार्य 1.65 लाख, इन समस्त कार्यो के उद्घाटन के उद्घाटन विधायक बेहड़ ने समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में फीता काटकर किये. सभी ग्रामवासियों ने विधायक बेहड़ का फूल मालाओं से स्वागत किया सैजनी ग्रामवासियों ने ढोल नगाडो से विधायक बेहड़ का स्वागत किया,पक्की कमरिया वासियों ने तलवार भेंट की व बाबा सुखचौन सिंह ने सरोपा भेंट किया क्षेत्रवासियों ने विकास कार्य पूर्ण कराने हेतु आभार जताया। इस दौरान किच्छा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू तिवारी,बाबा सुखचौन सिंह, दर्शन कोली,अरुण शुक्ला,दलजीत सिंह,राजेश प्रताप सिंह,अशोक चुघ,ग्राम प्रधान रिंकी कौर,हरविंदर सिंह,शरीफ अहमद, यामीन अंसारी,सुरेश कुमार,राजेन्द्र दास,डा हरभगवान रहेजा,अमन पारूथी, बलराम सिंह,ओम प्रकाश दुआ, रणजीत कुमार, भूषण लाल अरोरा,गुलशन सिन्धी,तीरथ मुंजाल, लक्ष्मण बांगा,सोनू बाठला,इन्दर सिंह,रणजीत सिंह,नरबीर, सुनीता कश्यप, रणजीत सिंह बाठला,रिशु सलूजा, दीपक सलूजा,अशोक कुमार, वीरपाल,बंटी गाबा,श्री राम शर्मा,सतनाम सिंह,मंजीत सिंह,इन्द्रपाल सिंह,राजकुमार चिलाना, देवेन्द्र विर्क, आदि लोग उपस्थित रहे ।

# कौस्तुभ मिश्र बने अपर जिलाधिकारी

किच्छा। उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र को शासन द्वारा अपर जिला अधि



कारी(डिप्टी कलेक्ट्रेट) उधम सिंह नगर बनाए जाने पर नगर के तमाम पत्रकारों ने होने शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी कौस्तुभ मिश्र को अपर जिलाधिकारी उधम सिंह नगर बनाए जाने पर शुभकामनाएं देते हुए वरिष्ठ पत्रकार कैलाश पंडित ने कहा कि उनके कार्यकाल में नगर की विभिन्न समस्याओं का त्वरित गति से निस्तारण किया जाता रहा हैं यही नहीं उनका सीधे आम नागरिकों से तालमेल बना हुआ था तथा किसी भी फरियादी को उनसे सीधे बात करने की छूट थी इसके अलावा उनके द्वारा असहाय फरियादियों के पास जाकर भी फरियादियों की समस्या का निराकरण किया जाता रहा है। पत्रकार अल्तमस मलिक, वेद प्रकाश, विशाल शर्मा, रणजीत सिंह मानकिया, शिवम शर्मा, मोनिस मलिक, दानिश मलिक, मोहम्मद यासीन, विकास दावड़ा, सुनील गुप्ता, राजू सहगल, जीशान पठान, शाहिद तमाम पत्रकारों ने भी उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की है तथा उनके कार्यकाल की प्रशंसा की है सभी पत्रकारों ने उनके प्रशंसा करते हुए कहा कि राजनीतिक सामाजिक तालमेल के साथ-साथ ही उनके कार्यकाल में नगर के सभी पत्रकारों के साथ मधुर संबंध बन रहे तथा कभी भी किसी भी समस्या को लेकर के समाधान करने में कोई भी कमी उनके द्वारा नहीं की गई नगर पालिका में प्रशासक के रूप में रहते हुए भी उनके द्वारा नगर की तमाम समस्याओं के लिए त्वरित गति से कार्य किया जाता रहा है।

# जल संस्थान अधिकारियों को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंदिरा नगर वार्ड संख्या 32 के लोगों ने पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी के नेतृत्व में जल संस्थान पहुंचकर अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता व अवर अभियंता बनभूलपुरा इंदिरा नगर के जेई और विधायक सुमित हृदेश का आभार व्यक्त किया। सलमानी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से इंदिरा नगर क्षेत्र के सैकड़ो परिवार पीने के पानी न आने के संबंध में उत्तराखंड जल संस्थान के विरुद्ध नारेबाजी कर चुके थे। जिसका अब समाधान किया गया। लोगों ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इंदिरा नगर के लोगों ने बताया कि चार-पांच दिन के अंदर जल संस्थान के अधिकारियों ने दिन रात एक करके कई बाधाएं दूर कर पानी की पाइपलाइन बिछवाई। इंदिरा नगर में लगभग 70 प्रतिशत आम जनता जो पानी के लिए तरस रही थी उनकी



समस्या के हल करने का प्रयास किया। इस संबंध में विधायक सुमित हृदेश ने भी जल संस्थान को कई बार अवगत कराया तथा विधायक निधि से लगभग 11 लाख रुपया स्वीकृत किया। आज इंदिरा नगर दुर्गा मंदिर, इंदिरा नगर बरसाती, इंदिरा नगर सबरी मस्जिद सहित अनेक बस्तियों में पीने का पानी जैसे ही घरों में पहुंचा लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अधिशासी अभियंता, सहायक अधिशासी अभियंता एवं क्षेत्र के अवर अभियंता ने उपस्थित लोगों को बताया कि जल्द से जल्द उनकी पानी की शेष समस्या को भी हल किया जाएगा। जिन गलियों में पीने का पानी अभी तक नहीं पहुंच पाया है उनको भी जल्द से जल्द पीने का पानी मिल सके। इस अवसर पर वकील अहमद, अनस सलमानी, मसरूर अहमद, खलील अहमद एजाज अली, श्रीमती नगमा, कमर जहां, रेशमा, छोटी, सहराब, जीनत, शबाना आदि महिला पुरुषों ने समस्त अधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

# सिकल सेल एनीमिया के प्रति किया जागरूक

रूद्रपुर। विश्व सिकल सेल दिवस के उपलक्ष पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में जनपद उधम सिंह नगर के विकासखंड खटीमा, सितारगंज, गदरपुर एवं बाजपुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में जनजातीय समुदाय के लोगों हेतु सिकल सेल एनीमियाअ जागरूकता दिवस मनाया गया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा उनके क्षेत्र की जनजातीय समुदाय के लोगों की सिकल सेल जांच तथा सिकल सेल क्या है इसके बारे में उपस्थित लोगों को विस्तृत में जानकारी दी गयी। वक्ताओं ने सिकल सेल एनीमिया के लक्ष्मण जैसे



कि रक्त कोशिकाओं में कमी ,आंखों का पीलापन शरीर और जोड़ों में गंभीर दर्द, सांस फूलना थकावट, संक्रमण का बार-बार होना गर्भावस्था के दौरान जटिलताएं आदि के संबंध में समुदाय को सलाह दी।

# महिलाओं के आते ही शराब के पाउच छोड़ भागा युवक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ निष्क्रिय कार्यप्रणाली के विरोध में अब महिलाओं ने मोर्चा संभाल लिया है। गत दिनों महिलाओं ने मुखर्जी नगर में एक महिला को कच्ची शराब बेचते हुए पकड़ा था वहीं अब जगतपुरा में कच्ची शराब बेच रहे व्यक्ति का महिलाओं ने जब जमकर विरोध किया तो वह शराब के पाउच वही छोड़ भाग निकला। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शराब के पाउच कब्जे में लिए और आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया बताया जाता है कि विगत रात्रि थाना क्षेत्र के रॉक जिम वाली गली मुखर्जीनगर में राहुल सरकार निवासी वार्ड नंबर पांच मुखर्जीनगर जगतपुरा कच्ची शराब बेच रहा था। मौके पर पहुंची स्थानीय महिलाओं ने उसे ऐसा करने से मना किया। महिलाओं के उग्र रूप को देखते हुए आरोपी शराब छोड़कर भाग गया। सूचना पर एसआई अकरम अहमद टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कच्ची शराब के 44 पाउच बरामद किए। क्षेत्र में महिलाओं के इस कार्य की सर्वत्र सराहना की जा रही है।

# गौ संरक्षण के लिए संवेदनशील होकर कार्य करें: राजेन्द्र प्रसाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड गौ-सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ0 पं0 राजेन्द्र प्रसाद अणथ्वाल ने विकास भवन सभागार में जनपद के निराश्रित गो कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होने कहा कि जो गोवंश को आवारा छोड़ते है तो उनके खिलाफ अर्थदण्ड लगायें इसके लिए नगर निकाय अर्थदण्ड का निर्धारण करें। उन्होने कहा कि पशु स्वामी पशुओं का पंजीकरण अवश्य करवायें ताकि पशु बीमा योजना व अन्य योजनाओं का लाभ ले सकें। अध्यक्ष ने गौशालाओं का निर्माण सुरक्षित स्थानों पर बनायें तथा गौशालाओं में पर्याप्त भूसा स्टोर अवश्य बनाया जाये। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी गोवंश निराश्रित न रहें। इसलिए गौ सरंक्षण के लिए प्राथमिकता से संवेदनशील होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि रात्रि में पशुओं की सड़क दुर्घटना संम्भावना अधिक होती है इसलिये गौवंश दुर्घटनाओं से बचाव हेतु उनके गले में रेडियम रिफलेक्टर कॉलर लगाने का सुझाव दिया इससे गौवंश के साथ ही मनुष्य की भी जान बचेगी। अध्यक्ष ने कहा कि जनपद ऊधम सिंह नगर में गौवंशों की दुर्घटना व गोकसी के प्रकरण सामने आ रहे है। उन्होंने कहा कि जनपद उत्तर प्रदेश की सीमाओं से लगा



है इसलिये पुलिस व प्रशासन सीमाओं पर पैनी नजर रखें व बार्डर ऐरिया में लोगों का सत्यापन भी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पुलिस गौसेवकों के प्रति सकरात्मक नजरिया रखें व गौवंश अपराध रोकने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी गौशाला संचालकों से पशुओं की टैगिंग करने एवं उत्तराखण्ड पशु कल्याण बोर्ड में अपलोड करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी निकायों को हाइड्रोलिक एनिमल लिफ्टिंग वैन शीघ्र खरीदने के निर्देश भी दिये। उन्होंने बार्डर ऐरिया पर पशु मेला लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश भी दिये साथ ही मांस की सेम्पलिंग भी कराने के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने कहा कि कोई भी व्यक्ति/एनजीओ अपनी भूमि पर गौशाला निर्माण करता है तो वह अपनी 40 प्रतिशत धनराशि ही लगायेगा एवं 60 प्रतिशत धनराशि सरकार देगी। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ड0 आशुतोष जोशी ने बताया कि जनपद में लगभग 08 हजार गौवश चिन्हित है तथा 05 गौशालाएं संचालित है। जिसमें श्री राध`कृष्ण गौसदन ट्रस्ट बाजपुर में 1204, श्री गौलोक धाम कनकपुर में 171, श्री कृष्ण प्रणामी महराजा अग्रसेन गौशाला ट्रस्ट सितारगंज में 476, मॉ कामधेनु वात्सल्य सेवा धाम ट्रस्ट खटीमा में 234 तथा श्री राधे कृष्ण गौसदन ट्रस्ट में 221 गौवंश शरणागत है। उन्होंने बताया कि स्थानीय निकायों द्वारा 08 गौशाला प्रस्तावित की गई है। जिसमें नगर निगम रूद्रपुर में लंबाखेड़ा, नगर निगम काशीपुर में कचनाल गुसांई, नगर पंचायत में महुआ डाबरा, नगर पालिका गदरपुर में बरीराई, जिला पंचायत द्वारा बाजपुर में गुलजारपुर, खटीमा में हल्दीघेरा, नगर निकाय सितारगंज के अंतर्गत खुनसरा में तथा नगर निकाय किच्छा के अंतर्गत भूमि हस्तांतरण प्रकियाधीन प्रस्तावित है। उन्होने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा लंबाखेड़ा गौशाला हेतु 1.50 करोड़, सितारगंज खुनसरा हेतु 1.50 करोड़ व खटीमा हल्दीघेरा हेतु 3.00 करोड़ की धनराशि जिला माइनिंग फंड से उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि गौ सदनों में गौवंश की टैगिंग कर उत्तराखण्ड पशु कल्याण बोर्ड पर अपलोडिग की जा रही है। गौसदन संचालकों द्वारा शरणगत गौवंशों के औसत संख्या के सापेक्ष यथाशीघ्र भरण पोषण धनराशि आवंटन करने, गौसदन शरण क्षमता का निर्धारण कर गौसदनों में साईन बोर्ड लगाने, उरेडा के माध्यम से गौसदनों में सोलर रूफटॉप संयत्रों को स्थपति करने, गोबर गैस बिजली उत्पादन संयत्र स्थापति करने, पशु कल्याण बोर्ड का पुर्नगठन कर गौसदन प्रतिनिधियों को प्रतिनिधि बनाने, गौशाला में सेवारत कार्मिकों हेतु स्वास्थ्य बीमा एवं दुर्घटना बीमा की सुविधा, शिशु गौवंश के कानों में टैग न किये जाने की नीति बनाने व पंतनगर विश्वविद्यालय में दुर्घटनाग्रस्त घायल, रोगी गौवंश की आधुनिक चिकित्सा हेतु इन्फर्मरी की स्थापना करने का अनुरोध किया। बैठक में गौसेवा आयोग के सदस्य अश्वनी, नगर आयुक्त नरेश चंन्द्र दुर्गापाल, ड टीपी यादव, ड0 एमके शर्मा, ड0 कोमल सिंह, ड0 पीके0 पाठक, ड0 संजीव पंत, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत गणेश भट्ट, एसएचओ मनोज रातूरी, गौसदन प्रतिनिधि जगदीश गोयल, सुनील गर्ग, संदीप बंसल आदि मौजूद थे सभी उपजिलधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, निकाय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुडें थे।

# मुख्य सचिव को नौ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

जसपुर(उधम सिंह नगर)। उत्तराखंड के नगर निकायों में वर्षो से कार्यरत सभी दैनिक वेतन भोगी, संविदा, उपनल, आउटसोर्स, मौहल्ला स्वच्छता समिति आदि पर्यावरण मित्र भी शीध्र ही नियमित होंगे। बीते दिवस देहरादून सचिवालय में उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार राजौर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उत्तराखंड शासन के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन से मुलाकात कर 09 सूत्रीय मांगों से भरा ज्ञापन देकर राज्य की पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा नगर निकायों में 12 जून 2015 को लागू किए गए पुर्नगठन ढाँचा संख्या- 757 को संशोधित करने, नगर निकायों में ठेका प्रथा को पूर्ण रूप से समाप्त करने, नगर निकायों में वर्षो से कार्यवाहक सफाई



नायक के रूप में कार्य कर रहे सभी पर्यावरण मित्रों को सफाई नायक के पदों पर पदोन्नति करने तथा हाई कोर्ट के आदेशानुसार निकायों में कार्यरत सभी दैनिक वेतन भोगी, संविदा, उपनल, आउटसोर्स, मौहल्ला स्वच्छता समिति आदि पर्यावरण मित्रों को नियमित करने की मांग की। संघ के प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह राही ने नगर निकायों में बड़े हुए क्षेत्रफल के आधार पर पूरे राज्य में 20 हजार पर्यावरण मित्रों की नियुक्ति कराने की आदि मांग रखी। जिसमें मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि राज्य की नगर निकायों में कार्यरत सभी पर्यावरण मित्रों के नियमित करने की शासन स्तर पर कार्रवाई चल रही है और विभागों के साथ ही निकायों के सभी पर्यावरण मित्रों को भी नियमित किया जाएगा। उन्होंने संगठन की सभी मांगों को शीध्र ही निस्तारण करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह राही विकास नगर शाखा अध्यक्ष सतीश पारछा, सुभाष सिंह, अंकुश चौधरी, श्याम सिंह एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर बांटे फल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन आश्रय सेवा समिति दमवाढूंगा में बुजुर्गों और निराश्रियों को फल वितरित कर मनाया गया। महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने राहुल गांधी के दीर्घायु होने की कामना की और कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में ही यह देश तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ सकता है और उनकी युवा सोच देश के युवाओं करण धारों को एक नया विजन देने में कामयाब होगी। इस अवसर पर आश्रय सेवा समिति के अध्यक्ष प्रकाश



डिमरी, कांग्रेस अनुसूचित प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश आनंद, राजीव गांधी पंचायत प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष चंदन भाकुनी, युवा कांग्रेस जिला महामंत्री शंकर कोहली, मंडलम अध्यक्ष गणेश टमटा, अलका आर्य, पान सिंह नेगी, वृद्धाश्रम से भगवती देवी, जानकी, संवर, रेखा देवी, पुष्पा देवी, उमा आदि उपस्थित रहे।

# 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' थीम पर लगाया योग शिविर

हल्द्वानी। यूथ भारती फाउंडेशन उत्तराखंड एवं दिव्य योग ने इस वर्ष 11 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' थीम के तहत तीनपानी न्यू



बाल संसार स्कूल में योगा शिविर का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों स्थानीय लोगो ने योगा कर इस उत्सव में अपनी भागेदारी दी।दिव्य योग की योगाचार्य दिव्या ने योगा के लाभदायक अनेकों विधाओं का गुण सिखाया।यूथ भारती फाउंडेशन उत्तराखंड के संयोजक डॉ. गौरव गुप्ता ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग जीवन के सभी पहलुओं के बीच संतुलन बनाने के अलावा स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। यूथ भारती उत्तराखंड के मीडिया प्रभारी अरविन्द मलिक ने कहा कि देशभर में 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' के लिए योग थीम के तहत इस वर्ष का आयोजन समग्र कल्याण और पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देने में योग की महत्व भूमिका पर प्रकाश डालता है। दिव्य योग की योगाचार्य दिव्या उपाध्याय ने कहा कि यह शिविर स्थानीय लोगों में योग के महत्व और जागरूकता को बढ़ावा देगा, योग करने से हम तनाव मुक्त रहते हैं और योग हमें मानसिक शांति प्रदान करता है, प्रतिदिन योग करने से हमारा शरीर सभी बीमारियों से दूर रहता है। इस शिविर में पंकज उपाध्याय, दीपक मेर, गौरव जोशी सहित महिलाओं, छात्रों और स्थानीय लोगो ने प्रतिभाग किया।

# जसपुर में बड़े पैमाने पर हो रही विद्युत चोरी

## लाइन लॉस से पावर कारपोरेशन को नुकसान, करोड़ों की चपत

जसपुर।आम जनता को विश्वसनीय एवं किफायती बिजली सुनिश्चित कराने के नाम पर यूपीसीएल के अधिकारी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विद्युत चोरी को संरक्षण देकर सरकार के राजस्व को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। पूरे प्रकरण में काबिले गौर यह है कि ऊर्जा निगम का दायित्व मुख्यमंत्री के पास है इसके बावजूद भ्रष्ट अधिकारियों पर नकेल कसने वाला कोई नहीं है। विद्युत चोरी से प्रतिमाह सरकार के राजस्व को करोड़ों की हानि हो रही है। जानकारी के मुताबिक शहर से लेकर देहात तक खंभों में सीधे तार डालकर बिजली चोरी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। हाईलाइन लॉस फीडरों पर कटिया डालकर बिजली चोरी की जा रही है। बिजली



चोरी एवं लाइन लॉस के चलते पावर कारपोरेशन को लाखों रूपए राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। शहर के कई क्षेत्रों में लाइन लॉस 50 फीसद से अधिक है। कमोवेश यही हाल ग्रामीण क्षेत्रों का भी है। ऊर्जा प्रदेश में ऊर्जा विभाग के अधिकारी सरकार के राजस्व को चूना लगा रहे हैं। गढीनेगी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की शिकायतें आ रही है। इसके अलावा जसपुर क्षेत्र के तमाम छोटे बड़े उद्योगों कल कारखानों में विद्युत चोरी की खेल में लाखों के वारे न्यारे हो रहे हैं। गैर कानूनी ढंग से की जा रही विद्युत चोरी के लिए मुख्य अभियंता विद्युत सचिव व प्रबंध निदेशक (एमडी) सीधे तौर पर जिम्मेदार है।

# निरंकारी मिशन एक हजार से अधिक स्थानों पर मनाएगा योग दिवस

देहरादून(उद संवाददाता)।संत निरंकारी मिशन द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के उपलक्ष्य में 21 जून को प्रात: 6 बजे देश भर में 1000 से अधिक स्थानों पर एक साथ 'योग दिवस' का भव्य आयोजन किया जाएगा। मिशन की विभिन्न शाखाओं में यह आयोजन स्थानीय योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खुले मैदानों एवं पार्कों में किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु, सेवादल स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' का विषय – 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है जो सम्पूर्ण मानवता को यह संदेश देता है कि व्यक्ति का वास्तविक स्वास्थ्य तभी पूर्ण माना जाता है जब वह शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक रूप से संतुलित और जागरूक हो। इसी उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए संत निरंकारी मिशन अपने आध्यात्मिक और सामाजिक प्रयासों के योग को समग्र कल्याण का माध्यम मानते हुए निरंतर प्रयासरत है।संत निरंकारी मण्डल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने बताया कि वर्ष 2015 से ही संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा 'योग दिवस' का नियमित रूप से देशव्यापी आयोजन किया जा रहा है। यह पहल सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से निरंतर विस्तारित हो रही है, जिनका मार्गदर्शन रहा है "स्वस्थ मन, सहज जीवन।" उनके विचारों में यह स्पष्ट है कि मानव शरीर ईश्वर की एक अनुपम देन है जिसे स्वस्थ और सशक्त बनाकर ही मानव अपने आध्यात्मिक और सामाजिक कर्तव्यों का सम्यक रूप से निर्वहन कर सकता है।

# बाबा गाहना राम की याद में समागम का आयोजन

गदरपुर(उद संवाददाता)। समाज सेवी एवं धार्मिक कार्यक्रमों में अग्रणी रहने वाले बाबा गाहना राम की याद में विशाल गुरमत समागम का आयोजन किया गया। ग्राम राजपुरा नंबर दो तहसील गदरपुर उधम सिंह नगर में आयोजित किए गए कार्यक्रम में डेरे के मुख्य सेवादार गुलाब राम ने बताया कि बाबा गाहना राम पुत्र जिंदा राम जिला मिन्ट गुमरी वर्तमान पाकिस्तान में समाजसेवा के कार्य में लगे रहते थी 1947 में बंटवारे के उपरान्त वह पंजाब पहुंचे तथा सरकार द्वारा तराई क्षेत्र में ग्राम राजपुरा नंबर दो में अलाट की गई भूमि पर कड़ी मशक्कत व मेहनत करके जंगलों एवं बंजर भूमि को आबाद किया। उनके पुत्रों मुंशी राम, पंजू राम एवं श्याम चंद द्वारा 1960 में उनके निधन के उपरांत गद्दी को संभाला गया। हर वर्ष की भांति उनकी याद में महान समागम किए जाते हैं। इस दौरान गुरुद्वारा सिंह सभा गदरपुर से रागी



जत्था भाई नवजोत सिंह द्वारा मनोहर कीर्तन करके संगत को निहाल किया गया। कथा वाचक भाई राजेंद्र सिंह द्वारा सुखमनी साहिब का पाठ करने के उपरांत संगत को कथा के माध्यम जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने आत्मिक जीवन को संवारने के लिए गुरुवाणी की विचार करके गुरु के उपदेशों का सहारा लेने का आहवान किया। कथावाचक देवेंद्र सिंघ ने ऐतिहासिक पक्ष रखते हुए सभी को नाम जपना, किरत करनी और बांटकर खाना के सिद्धांत पर चलने की बात करने के साथ गुरमुखी अक्षर ज्ञान गुरबाणी का प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की। भाई सुरेंद्र सिंह राणा ने कीर्तन करके कार्यक्रम का समापन करवाया। प्रबंधक कमेटी के सेवादारों द्वारा सभी वक्ताओं का सरोपा भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर श्याम चंद, वधावा राम, रमेश चंद, सुरेश चंद, सौरभ, वंश, सुनील, सोनू, मोनू, राकेश कुमार, संजीव कुमार, बाबा जमना दास, भजन लाल के अलावा आशा रानी, कोमल, सुमन, सिमरन, सहित सैंकड़ों की संख्या में संगत ने अरदास में सहभागिता करते हुए अपनी मन्नत मांगी और लंगर रूपी प्रसाद ग्रहण किया।

# सुभाष नगर में अतिक्रमण कार्रवाई के खिलाफ हुई महापंचायत आयोजित,सुमित ने जताया कड़ा विरोध



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सुभाष नगर में 140 परिवारों को अतिक्रमण कारी बताकर प्रशासन द्वारा मकानों को तोड़ने की कार्रवाई के खिलाफ सुभाष नगर स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में महापंचायत आयोजित की गई। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक सुमित हृदयेश भी महापंचायत में पहुँचे और प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उन्हें पूर्ण समर्थन का भरोसा दिलाया। विधायक सुमित हृदयेश ने प्रशासन की कार्रवाई को अमानवीय और तानाशाही रवैया बताया। उन्होंने कहा कि वर्षों से बसे परिवारों को उनके मकान तोड़ने का तुगलकी फरमान देना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह केवल घरों को बचाने की नहीं, बल्कि इंसाफ और मानवीय अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है और इसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाएंगे और जरूरत पड़ी तो न्यायालय तक जाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। महापंचायत में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे और प्रशासन के इस फैसले के खिलाफ एकजुटता दिखाई। लोगों ने विधायक के समक्ष अपनी समस्याएँ रखीं और न्याय की मांग की। महापंचायत के उपरांत विधायक सुमित हृदयेश ने बमौरी क्षेत्र का भी दौरा किया, जहाँ उन्होंने नाले के नाम पर उजाड़े जा रहे परिवारों से भेंट कर उनकी समस्याएँ सुनीं और उन्हें भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बमौरी क्षेत्र के साथ भी अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और वहाँ के निवासियों की लड़ाई भी पूरी ताकत से लड़ी जाएगी। इस दौरान राहुल छिम्वाल, दीप पाठक, पूरन चंद्र बवाड़ी, सतनाम सिंह चटवाल, मुकुल बल्यूटिया, हेम चंद्र जोशी, गोपाल दत्त जोशी, शशि वर्मा, हेमा कर्नाटक, ममता कुलौरा, सुनीता बुधानी, शांति देवी, बिमला तिवारी, नीमा चौहान, हेमा लटवाल, कन्नू सुयाल, कन्नू जोशी, कुंदन सिंह, जगदीश चंद्र उपाध्याय, एचएस जीना, संजय बोरा, कंचु मटियानी सहित समस्त क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# पंतनगर विवि के विद्यार्थियों का नामी कंपनी में हुआ चयन

पन्तनगर(उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय द्वारा ऑनलाइन साक्षात्कार के मैसर्स लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड में विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों क्रमशः तारिषी मेघा (एम.टेक. सिविल इंजीनियरिंग), सूर्यकांत बहुगुणा एवं नैन्सी बर्मन (एम.टेक. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रषिक्षण के उपरान्त रू. 6.5 लाख प्रतिवर्ष के साथ ही अन्य सुविधाएं देय होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। सेवायोजन एवं परामर्ष निदेशक डा. एम.एस. नेगी और सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी व चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि भविष्य में भी निदेशालय अधिक से अधिक विद्यार्थियों के सेवायोजन हेतु प्रयासरत रहेगा।



# खुफिया स्थान पर खुला आबकारी कार्यालय

काशीपुर(उद संवाददा)। मोहल्ला जसपुर खुर्द के एक गेटेड कॉलोनी के दूसरे तल पर स्थित फ्लैट में आबकारी का कार्यालय संचालित है। इस बिल्डिंग में आबकारी विभाग का कोई बोर्ड आदि नहीं लगा है। प्रथम दृष्टया कोई अनुमान नहीं लगा सकता कि यहां आबकारी कार्यालय होगा। आम जनता का आबकारी कार्यालय तक पहुंचना बेहद चुनौती पूर्ण है क्योंकि गेटेड कॉलोनी होने के कारण मुख्य द्वार पर ही सुरक्षा कर्मी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा देते हैं। सूत्रों का कहना है कि आलीशान फ्लैट में आबकारी कर्मी ड्यूटी के नाम पर कच्ची और तस्करी के माफियाओं से सांठ-गांठ बनाए हुए हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि आबकारी कच्ची शराब की कसीदगी तथा बिक्री करने वाले तस्करों से बाकायदा हफ्ता वसूल कर रही है।



# विद्युत लाइन की चपेट में आकर दो भैंसों की मौत

जसपुर(उद संवाददाता)। गांव राजपुर निवासी नूर मोहम्मद पुत्र गफूर 16 जून को पास के गांव किशन पुर स्थित अपने खेत में पशु चराकर घर लौट रहा था, तभी एल टी विद्युत लाइन लाइन का तार टूट कर खड्ड में गिरा हुआ था । जैसे ही उसकी दो भैंसें पानी पीने के लिए खड्ड में घुसी तो उन्हें करंट लग गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई । जैसे ही भैंसों को करंट लगा तो वह सन्न रह गया और उसने जल्दी से पीछे आ रही अन्य दो भैंसों को खड्ड में घुसने से रोका । तब कहीं जाकर उनकी जान बची । नहीं तो उनकी भी मौत हो जाती । घटना का पता चलने पर आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। तुरंत घटना की सूचना विद्युत विभाग को दी गई । इस पर विद्युत विभाग ने तुरंत उक्त विद्युत लाइन की विद्युत आपूर्ति बंद की। नूर मोहम्मद ने मांग की है कि उसे उसकी भैंसों का उचित मुआवजा दिया जाए।



# नेशनल चैंपियनशिप में स्टार्ट इंस्टीट्यूट के पांच बच्चों ने हासिल किए पदक

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।जन कल्याण एवं बाल विकास संस्था द्वारा संचालित स्टार्ट इंस्टीट्यूट के 5 बच्चों कीर्ति वाधवा और आयुष खंतवाल ने बैडमिंटन में तथा चेतन शर्मा, बृजेश मेहता तथा कुशल पाल ने वॉलीबॉल में स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा आयोजित नेशनल चैंपियनशिप गांधीनगर गुजरात में प्रतिभाग किया । इस चैंपियनशिप में कीर्ति वाधवा ने बैडमिंटन में प्रथम स्थान स्वर्ण पदक प्राप्त किया व आयुष खंतवाल ने कांस्य पदक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्तराखंड से वॉलीबॉल की टीम को रजत पदक प्राप्त हुआ। संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर माधवी अवस्थी ने इन सभी एथलीटों व कोच विवेक त्यागी को हार्दिक बधाई दी।








# विकास योजनाओं की दी वित्तीय स्वीकृति

देहरादून (उद संवाददाता) ।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद देहरादून के पेयजल विभाग के अन्तर्गत सीवरेज कार्यों की 07 योजनाओं हेतु 3147.32 लाख, जनपद उधमसिंह नगर में अमृत 2.0 वॉटर बॉडीज योजनान्तर्गत नगर निकाय दिनेशपुर की 02 योजनाओं के लिए 97 लाख, राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अन्तर्गत जनपद चमोली के मुख्यालय गोपेश्वर में विकासनगर (हल्दापानी) के निकट कॉलेज गोपेश्वर में भू-धंसाव योजना के कार्य हेतु 778.97 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री सम्पर्क योजना के अन्तर्गत प्रदेश की 13 नई ग्रामीण सड़क योजनाओं के लिए 3382.48 लाख की धनराशि नाबार्ड से वित्त पोषण किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट क्षेत्रान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कपकोट को उप जिला चिकित्सालय बनाये जाने तथा जनपद चमोली के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, थराली को उच्चीकृत करते हुए नवीन स्थान कुलसारी में उप जिला चिकित्सालय बनाये जाने हेतु मानकों में शिथिलता प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया है।

# बॉयोटैक्नोलॉजी मे मेघा पन्त को मिली पीएचडी की उपाधि

देहरादून(उद संवाददाता)। कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने देहरादून निवासी मेघा पन्त को जैव प्रौद्योगिक विषय (बॉयोटैक्नोलॉजी ) मे डाक्टरऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की। उनका शोध प्रबन्ध वैक्टरिया- डिराइप्ड अप्रोच टू सिंथेसाइज कार्बन क्वांटस डॉटस फार बायोलॉजिकल एप्लीकेशन्सषविषय पर था। उन्होंने अपना शोध भीमताल के जेसीबोस डिपार्टमेंट ऑफ बॉयोटैक्नोलॉजी के डाक्टर अनिर्बान दघ्डपत के निर्देशन में संपन्न किया। इसके पूर्व मेघा पन्त ने वनस्थली राजस्थान से बॉयोटैक मे एमएससी किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है।






# मशरूम फैक्ट्री की रैक गिरने से एक की मौत ,14 घायल

## घालयलों में सात की हालत गंभीर, डीएम और एसएसपी ने जाना घायलों का हाल, घटना की मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश

केलाखेड़ा। गुरुवार देर शाम मशरूम की फैक्ट्री में रैक गिरने से एक महिला की मौत हो गई तथा 14 लोग घायल हो गये। घटना से जिला और पुलिस प्रशासन में हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी और एसएसपी ने भी घायलों का हाल जाना। जानकारी के अनुसार केलाखेड़ा के ग्राम भव्वा नगला में मशरूम फैक्ट्री में मशरूम उगाने का काम किया जा रहा था । गुरूवार शाम मशरूम की देखरेख के लिए लगाए गए श्रमिक और फैक्ट्री स्वामी अंदर थे तभी अचानक मशरूम के लिए लगाई गई रैक अचानक एक के बाद एक गिरनी शुरू हो गई जिसमें वहां



उन्होंने घटना की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी। जहां पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, तत्काल राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में स्थानीय प्रशासन, दिया। घटना की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया स्वयं जिला अस्पताल पहुँचे, जहाँ उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और परिजनों को ढांढस बंधाया। डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर. के. सिन्हा को स्पष्ट निर्देश दिए कि इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। साथ ही जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी को यह निर्देशित किया गया कि पीड़ित परिवारों के लिए रहने और भोजन की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि घटना की मजिस्ट्रियल जांच कराई जाएगी और यदि किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है,






मौजूद करीब 20 मजदूर श्रमिक और फैक्ट्री स्वामी स्टोर रूम में लगी लोहे की रैक की चपेट में आ गए । उधर हादसे की खबर लगते ही वहां मौजूद लोगों ने आनन फानन में इसकी सूचना लोगों के साथ साथ पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने दबे लोगों को बाहर निकलना शुरू कर दिया । घटना की सूचना पाते ही केलाखेड़ा थाना अध्यक्ष अशोक कुमार मौके पर पहुंचे । हालत गंभीर देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक काशीपुर अभय प्रताप, पुलिस क्षेत्राधिकार वैभव कुमार, उप जिलाधिकारी बाजपुर अमृता शर्मा, तहसीलदार अक्षय भट्ट सहित आसपास के थाने से पुलिस बल मंगवाया गया। घटना की खबर आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैलते ही लोगों ने घटना स्थल की और दौड़ लगा दी। जिससे मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही जिला आपदा कंट्रोल रूम भी सक्रिय हुआ और पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व फायर विभाग की टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थानीय नागरिकों के सहयोग से फंसे हुए मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला। और घायलों को 108 की मदद से सी एच सी बाजपुर भिजवाया। घटना में 14 मजदूर घायल हुए थे, जिनमें से 7 की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। एक घायल को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर तो दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मृतक मजदूर के परिजनों से भदौरिया ने व्यक्तिगत रूप से भेंट कर शोक संवेदना प्रकट की और आश्वासन दिया कि प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। इस दौरान उपजिलाधिकारी डॉ अमृता शर्मा, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक आर के सिन्हा सहित अन्य अधिकारी व चिकित्सक मौजूद थे।

## एसडीएम अमृता शर्मा ने पेश की संवेदनशीलता की मिसाल

केलाखेड़ा।बीते बृहस्पतिवार की शाम केलाखेड़ा स्थित मशरूम फैक्ट्री में हुए हादसे के बाद बाजपुर एसडीएम अमृता शर्मा ने घायलों को सुरक्षित निकलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। प्रशासन की तत्परता के चलते कई लोगों की जान बच गई । यहां आपको बता दें कि कल देर शाम हुए हादसे की सूचना मिलते ही बाजपुर की एसडीएम अमृता शर्मा प्रशासन की टीम के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुँचीं और राहत एवं बचाव कार्यों की कमान अपने हाथों में ली। प्रशासन की मुस्तैदी



से दबे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और तत्काल बाजपुर एवं जिला अस्पताल रुद्रपुर में भर्ती कराया गया। घायलों के इलाज में किसी भी तरह की कोताही न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम अमृता शर्मा स्वयं देर रात तक रुद्रपुर अस्पताल में मौजूद रहीं और इलाज की हर व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। क्षेत्रवासियों ने एसडीएम अमृता शर्मा की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता की सराहना करते हुए उन्हें एक जिम्मेदार और निष्ठावान अधिकारी बताया। उनकी सक्रियता ने न सिर्फ कई जिंदगियों को बचाया, बल्कि प्रशासनिक संवेदनशीलता की भी मिसाल पेश की।







## सिटी क्लब के चुनाव में संजय ठुकराल ने भी ठोकी ताल

रूद्रपुर। सिटी क्लब संचालक मण्डल सदस्यों के चुनाव में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के अनुज समाजसेवी संजय ठुकराल ने भी ताल ठोकी है।



संजय ने आज जोर शोर के साथ अपना नामांकन कराने के बाद कहा कि उन्हें सिटी क्लब चुनाव में भरपूर समर्थन मिल रहा है। सभी के समर्थन के चलते ही वह चुनाव मैदान में उतरे हैं। सबको साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सेवा के इरादे से वह सिटी क्लब का चुनाव लड़ रहे हैं। सभी के आशीर्वाद से वह चुनाव में विजयी हुए तो सिटी क्लब का अधिक से अधिक लाभ जनता को दिलाने के लिए प्रयास करेंगे। सिटी क्लब में जो भी समस्याएं हैं उन्हें दूर करने का प्रयास किया जायेगा। बता दें संजय ठुकराल पिछले कई वर्षों से सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहे हैं, जिसके चलते उन्हें 108 के नाम से भी जाना जाता है। सामाजिक कार्यों का लाभ उन्हें इस चुनाव में मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन के लिए चलाया जागरूकता अभियान

रुद्रपुर( उद संवाददाता )। बाल श्रम एवं किशोर श्रम के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए जिला टास्क फोर्स टीम के साथ श्रम विभाग द्वारा रुद्रपुर क्षेत्र में एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य बालकों एवं किशोरों को श्रम कार्यों से मुक्त कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ना है। अभियान के दौरान विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटल, ढाबों, दुकानों, वर्कशॉप्स आदि की औचक जांच की गई। इस दौरान सभी प्रतिष्ठान स्वामियों सेवायोजकों को श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 केअंतर्गत 14




वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम कराना अपराध है। किशोरों ( 14 से 18 वर्ष ) को भी खतरनाक कार्यों में संलग्न करना कानूनन दंडनीय है।उल्लंघनकृत सेवायोजक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज का प्रावधान है 6 माह से 2 वर्ष तक की सजा न्यूनतम 20 से 50 हजार तक का अर्थ दंड या दोनों से दंडित किए जाने का भी प्रावधान है ।जनसामान्य से अपील की गई है कि यदि कहीं भी बाल या किशोर श्रमिक कार्यरत पाए जाएं, तो इसकी सूचना तुरंत श्रम विभाग को दें या 1098 पर भी कॉल कर सकते हैं ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। यह अभियान भविष्य में भी सतत रूप से जारी रहेगा। इस अभियान के दौरान विपिन कुमार श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्रम विभाग के साथ चाइल्ड लाइन एवं पुलिस विभाग ह्यूमन ट्रैफिकिंग और गैर सरकारी संस्था आएसडी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दो वाहनों से 80 कुंतल खैर की लकड़ी बरामद

गदरपुर( उद संवाददाता )। तराई के जंगल में खैर के पेड़ों पर खैर तस्करों की गिद्ध दृष्टि लग चुकी है । यही वजह है कि तराई के जंगलों से खैर की लकड़ी का अवैध व्यापार काफी मात्रा में होने लगा है अब वन विभाग खैर तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए कड़ा कदम उठा रही है और आए दिन खैर की तस्करी करने वाले आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज रहे हैं और तस्करों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। निकटवर्ती ग्राम गोपाल नगर के समीप एक प्लांट से शाम 6 बजे दो वाहनों में लगभग 80 कुंतल खैर वन विभाग ने बरामद कर ली है। रेंजर रूपनारायण गौतम ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अवैध खैर



की लकड़ी पिकअप व एक कैंटर से बरामद की गई है। गुरुवार की शाम करीब 6 बजे गोपाल नगर के समीप एक प्लांट में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एक पिकअप संख्या। यू के 04 सी बी 3614 वह एक कैंटर संख्या पी बी 03बी ए 8378 से लगभग 80 कुंतल अवैध खेर की लकड़ी बरामद कर ली है । मौके पर पहुंची वन विभाग की एस ओ जी टीम के प्रभारी कैलाश चंद्र तिवारी ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों एवं सहायिकाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

रूद्रपुर ( उद संवाददाता )। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रेखा आर्या द्वारा वर्चुअल माध्यम से एपीजे अब्दुल कलाम कलेक्ट्रेट सभागार रूद्रपुर में नव नियुक्त आंगनबाडी कार्यकर्तियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ऐसे केन्द्र जिन पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नही थी उन केन्द्रों के नव चयनित कुल 45 आंगनबाडी कार्यकर्ती एंव 218 कुल आंगनबाडी सहायिकाओं को कबीना मंत्री श्रीमती आर्या द्वारा वर्चुअल माध्यम से नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। उक्त आयोजित कार्यक्रम में यह नियुक्ति पत्र



विधायक प्रतिनिधि धीरेश गुप्ता के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को वितरित किये गये।कार्यक्रम में जिला प्रोवेजन अधिकारी/प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी व्योमा जैन, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुश्री रेनु यादव, बिमल बाराकोटी, बीना भण्डारी, इन्द्रा बर्गली, शोभा जनोटी, एवं समस्त जिला कार्यक्रम कार्मिक आदि उपस्थित रहें।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## फास्टैग प्रणाली का संचालन

राजमार्गों के जाल और साथ ही बढ़ते टोल नाके। इन टोल नाकों पर फास्टैग प्रणाली का समूचा ढांचा संचालन की खामियों के कारण सवालों के घेरे में है। सरकार ने फास्टैग आधारित तीन हजार रुपए वाले वार्षिक पास की योजना का एलान किया है और दावा किया है कि इससे कई तरह के झंझटों से लोगों को मुक्ति मिल जाएगी। इस पास में पूरे साल टोल टैक्स देने की जरूरत नहीं है, लेकिन शर्तें भी लगाई गई हैं। इस योजना के तहत एक साल में दो सौ चक्कर लगा सकते हैं। यह योजना अभी सिर्फ राष्ट्रीय राजमार्गों एवं पूर्वोत्तर के टोल प्लाजा पर ही मान्य होगी। राज्य मार्गों के अंतर्गत आने वाले टोल नाकों पर यह नया पास नहीं चलेगा। यह केंद्र सरकार की योजना है और इसमें राज्यों को जोड़ने की कवायद दुरुह है। इसके लिए ढांचा तैयार करना आसान नहीं होगा। यह तो नई योजना की बात हुई। दरअसल, फास्टैग की पूरी प्रणाली को लेकर ही उपभोक्ताओं की ढेरों शिकायतें हैं। उन शिकायतों की न तो कहीं सुनवाई हो रही है और न ही किसी स्तर पर चीजें ठीक करने की कोशिश दिख रही है। आम उपभोक्ता खामियाजा भुगत रहा है। फास्टैग के पूरे तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही का घोर अभाव दिखता है। इसके लिए कोई विनियमन नहीं है, न तो कोई नियामक। देश में 39 बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को फास्टैग जारी करने का अधिकार दिया गया है। क्या ये लोग अपनी जिम्मेदारी निभा पा रहे हैं। जब कोई उपभोक्ता अपनी समस्या लेकर बैंक के पास जाता है तो उसे यह कहकर टाल दिया जाता है कि काम 'तीसरी पार्टी' के पास है। अब उपभोक्ता तीसरी पार्टी को कहां ढूंढने जाए। खराब हुआ फास्टैग स्टीकर, खाते में से बार-बार राशि कट जाना, दोगुना टोल भुगतान, सर्वर की गड़बड़ी, इस तरह की खामियों की आखिर कौन लेगा जिम्मेदारी। कैसे उपभोक्ता को अपनी परेशानियों से निजात मिलेगी। सरकार के टोल संग्रह के आंकड़े में बढ़ोतरी हो रही है। यह अच्छी बात है, लेकिन बढ़िया सेवा की उम्मीद तो उपभोक्ता करेगा ही। इसमें दो राय नहीं कि ढांचा अच्छा है। इससे किसी को इनकार नहीं हो सकता। लेकिन खामियां भी हैं, जिनसे आम उपभोक्ता परेशान हो रहा है। इस योजना का लाभ तभी मिल सकता है, जब सड़कें दुरुस्त हों और लोगों को अपनी यात्रा में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न आए। लेकिन हैरत की बात है कि फास्टैग प्रणाली से पांच हजार करोड़ का राजस्व जमा करने वाली कंपनी का कोई ऐसा दफ्तर नहीं, जहां कोई उपभोक्ता पहुंच सके और अपनी बात रख सके। टोल नाकों पर लोग दिखते हैं, लेकिन वे उपभोक्ताओं के प्रति कितने जिम्मेदार होते हैं इसको लेकर सवाल हैं। उन लोगों के लिए जटिलता और बढ़ जाती है, जो पहली बार फास्टैग ले रहे हैं या जिन्हें इसकी प्रक्रिया के बारे में सटीक जानकारी नहीं है। अनधिकृत विक्रेता आसानी से अपने चंगुल में फांस लेते हैं। इस तरह के लोगों पर अंकुश कैसे लगे।

# सेतु आयोग से बदलेगा युवाओं और ग्रामीण अंचलों का भविष्य : राजशेखर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी ने यहां जिला उद्योग केंद्र सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों के समक्ष आयोग की कार्ययोजना साझा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गठित स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर एंपावरिंग एंड ट्रांसफॉर्मिंग उत्तराखंड (सेतु आयोग) प्रदेश में तकनीक, नवाचार और उद्यमशीलता के माध्यम से विकास को नई दिशा देने के लिए पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। उन्होंने बताया कि आयोग का उद्देश्य युवाओं, किसानों और ग्रामीण अंचलों के लिए एक परिवर्तनकारी मंच के रूप में कार्य करना है। उन्होंने बताया कि टाटा ट्रस्ट, बिल गेट्स फाउंडेशन, नैस्कॉम और महिंद्रा जैसी प्रमुख संस्थाओं के साथ विभिन्न क्षेत्रों में एमओयू किए गए हैं। इससे प्रदेश में तकनीकी सहयोग, कौशल विकास और नवाचार को नई गति मिलेगी। सेतु आयोग द्वारा शहरी नियोजन को लेकर राज्य सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी गई है, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों की सफल योजनाओं का विश्लेषण कर सुझाव दिए गए हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार, शहरों में नियोजन, वित्त, आर्किटेक्चर समेत अन्य क्षेत्रों की



योजनाएं तैयार करने में आयोग के कंसल्टेंट सहयोग करेंगे। इससे शहरी निकायों को योजनाबद्ध विकास की दिशा में सहायता मिलेगी और वे आने वाले समय में बड़ी परियोजनाओं पर प्रभावी रूप से कार्य कर सकेंगे।उन्होंने बताया कि शिक्षा को आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस से जोड़कर चिकित्सा और हेल्थकेयर जैसे क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर विकसित किए जाएंगे। इसके लिए आगामी सत्र में प्रदेश के उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों में आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस आधारित कोर्स शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के जमाने में एक बेहतरीन विकल्प है, जिसकी ओर छात्रों को तेजी से आगे बढ़ना होगा और इसके लिए आयोग पूरी सक्रियता से कार्य कर रहा है।प्रदेश के किसानों को लेकर उपाध्यक्ष सेतु आयोग ने बताया कि आने वाले कुछ समय में उन्हें बड़ा लाभ मिलने वाला है। आयोग ने कई बड़ी कंपनियों से एमओयू किए हैं, जिससे उत्तराखंड के किसानों को सीधे बाजार तक पहुंच मिलेगी। इससे उनकी आय में तेजी से बढ़ोतरी होगी और उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध होगा, जिससे देश-विदेश से ग्राहक सीधे उत्तराखंड की ओर आकर्षित होंगे। छात्रों के लिए भी आयोग विशेष प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही कई प्रमुख कंपनियों के साथ समझौते किए जाएंगे, ताकि युवाओं को व्यावहारिक और तकनीकी प्रशिक्षण मिल सके। इससे उन्हें बेहतर करियर विकल्प उपलब्ध होंगे और राज्य में ही गुणवत्तापूर्ण अवसर सुनिश्चित किए जा सकेंगे।उपाध्यक्ष सेतु आयोग ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्पष्ट विजन है कि किसी भी परिस्थिति में प्रदेश का समग्र विकास हो और उत्तराखंड तेजी से प्रगति करे। उन्होंने कहा कि आने वाले दो से तीन वर्षों में उत्तराखंड में बड़े निवेशक आएंगे, जिससे किसान, छात्र, महिलाएं और आम नागरिक अपने भविष्य के लिए बेहतर विकल्प चुन सकेंगे और राज्य समावेशी विकास की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ेगा।

# राज्य की सीमा पर अवैध उगाही में मस्त है पैगा पुलिस

काशीपुर(उद संवाददाता)। पैगा पुलिस चौकी क्षेत्र में यूपी की सीमा से




उत्तराखंड में प्रवेश करने वाले वाहनों से पुलिसकर्मियों द्वारा भीषण उगाही किए जाने की सूचना है। अवैध उगाही के इस खेल में कुछ पुलिस कर्मियों की संलिप्तता खुलकर सामने आई। सूत्रों का कहना है कि यही पुलिस कर्मी क्षेत्र में जरायम कारोबारियों एवं अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक राज्य की सीमा से सटे यूपी के संभल आदि जिलों से तड़के दर्जनों की तादाद में ईंट भरे ट्रक एवं ट्रैक्टर ट्रालियां दर्जनों की तादाद में यूपी की सीमा से उत्तराखंड में प्रवेश करती है। सूत्रों का कहना है कि बॉर्डर के समीप स्थापित पैगा चौकी में तैनात पुलिसकर्मी राज्य की सीमा में प्रवेश करने के नाम पर सुविधा शुल्क वसूल कर रहे हैं। यह सिलसिला पिछले काफी समय से जारी है। इसी तरह अवैध खनन भरे ओवरलोड वाहनों के अलावा लक्कड़ भुसी से ओवरलोड वाहनों से भी पुलिसकर्मियों द्वारा अवैध वसूली की सूचना है। सूत्रों ने बताया कि चौकी में तैनात पुलिसकर्मी दायित्वों के निर्वहन की बजाय जहरीली शराब की कसीदगी करने वालों को नोटों के दम पर संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। गिन्नी खेड़ा बांसखेड़ा खाई खेड़ा कनकपुर छोटी बरखेड़ी बड़ी बरखेड़ी महुआ खेड़ा गंज पैगा वीरपुर कटैया आदि गांवों में चौकी पुलिस की शह पर प्रतिदिन हजारों लीटर जहरीली शराब बनाई और बेची जा रही है। यानी जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्र जहां सीएम के सपने को साकार करने के लिए नशे के खिलाफ युद्ध स्तर पर अभियान चलाए हुए हैं वहीं दूसरी ओर पैगा पुलिस एसएसपी के प्रयासों को पलीता लगाने में जुटी है।

# खस्ता हाल सड़क बन रही हादसों का कारण, वाहन चालक परेशान

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर एक गांधीनगर जाने वाली सड़क बहुत ज्यादा खस्ता हाल नजर आ रहा है। बारिश का पानी जमा रहने के कारण वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों वह लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। यहां तक की कई बार इन गढ़ों की वजह से दो पहिया वाहन वह ई-रिक्शा हादसे का शिकार बने हैं। आजकल पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रेमा विश्वास का व्हीलचेयर से सड़क पर बने गड्ढे जल भराव होने के बावजूद बहुत ज्यादा तकलीफ सहते हुए हुए घर पहुंचने का वीडियो हर कोई सोशल मीडिया पर वायरल कर रहा है। पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गड्ढा मुक्त उत्तराखंड योजना की सच्चाई बया करते हुए बताती है कि उनका गांव



चंदन नगर जाने का एकमात्र शॉर्टकट सड़क दिनेशपुर प्लांटेशन होते हुए जाता है। बताया कि पिछले काफी समय से इस सड़क की हालत खस्ता हालत बनी हुई है। उन्होंने बताया कि शिवराज वह बारिश का पानी अक्षर सड़क पर जमा हो जाता है जिस कारण सड़क पर बने गड्ढे और भी भयानक आकर के रूप में ले लेती है। बताया कि इस सड़क से लगभग हजारों की संख्या में लोग रोजाना आवाज ही करते हैं बारिश के समय सभी को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रेमा विश्वास ने मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क का मरम्मत या पुनर्निर्माण करा दे। जनहित में इस कार्य को कराने के लिए नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है। वहीं वार्ड एक सभासद राखाल मंडल ने कहा है कि बारिश के बाद सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा।

> सबसे पहले नगर पंचायत में विकास कार्य हेतु पैसे की समस्या है। इस सड़क को बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजी गई है जैसे भी बजट स्वीकृत हो जाते ही सड़क निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। फिर भी आपके माध्यम से तथा सोशल मीडिया के माध्यम से सड़क के बीचो-बीच गड्ढे बने दिखाई दे रहे हैं गड्ढे को पाटने का कार्य शुरू किया जाएगा।
>
> **दीपक कुमार शर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत दिनेशपुर**



# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

देहरादून(उद संवाददाता)।राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के उत्तराखण्ड आगमन पर गुरुवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सांसद श्री नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी, डॉ धन सिंह रावत, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने भी राष्ट्रपति का स्वागत किया।

# दोस्त के साथ घर आते युवक पर हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस दोस्त के साथ खाना खाने घर आ रहे युवक पर मार्ग में कुछ लोगों द्वारा हमला कर घायल कर दिया गया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में निशा पत्नी सोनू सागर निवासी शिव नगर, ट्राजिट कैम्प ने कहा है कि उसका पुत्र वीरा सागर मेन मार्के मे मोबाइल शाप की दुकान पर काम करता है। 18 जून को दोपहर पुत्र अपने दोस्त कृष के साथ मेन मार्केट से घर खाना खाने आ रहा था। कि शिवनगर मे दिवाकर,खतरी, जस्सी व उनके साथियों ने पुत्र व उसके दोस्त को घेरा और मारापीटा । उक्त लडके पुत्र को मारने की धमकी देकर वहां से भाग गये। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर ली है।

# संदिग्ध हालातों में युवक की मौत

रूद्रपुर। संदिग्ध हालातों में तबियत बिगड़ने से एक युवक की मौत हो गयी। युवक लम्बे समय से मानसिक रूप से तनाव में था। सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार आवास विकास अटरिया रोड निवासी सत्यनारायण पुत्र सुमेर को तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने अस्पताल भर्ती कराया था जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। परिजनों के मुताबिक सत्य नारायण लम्बे समय से मानसिक अवसाद में था। उसकी शादी को करीब छह सात साल हो गये हैं, शादी के एक साल बाद ही पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गयी थी। पत्नी ने उसके खिलाफ दिल्ली में केस दर्ज कराया था। पत्नी से विवाद के चलते वह तनाव में रहता था।

# वेतन कटौती पर चीनी मिल श्रमिकों का गुस्सा फूटा, नारेबाजी कर जताया विरोध

किच्छा(उद संवाददाता)। वेतन कटौती के आदेशों की जानकारी से सहकारी किच्छा चीनी मिल के श्रमिकों में आक्रोश फैल गया। आक्रोशित श्रमिकों ने मिल गेट पर प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। चीनी श्रमिक संघ किच्छा से जुड़े श्रमिकों ने गुरुवार शाम पांच बजे मिल के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन करते हुए कहा कि करीब साढ़े चार माह से वेतन के लिए परेशान हो रहे हैं, भारी आर्थिक समस्या से जूझ रहे हैं। श्रमिक नेता ने कहा कि फरवरी में न्यायालय के आदेश के पश्चात हमारा वेतन रोका गया है। जिसे साढ़े चार माह हो गया है, अभी तक उन्हें वेतन नहीं दिया गया। 16 जून को बाजपुर चीनी मिल में गन्ना मंत्री का आगमन हुआ था। उनसे श्रमिकों ने पूर्व की भांति वेतन रिलीज करवाने का अनुरोध किया था, जिसमें उन्होंने श्रमिकों के हितों की पूर्ण रक्षा होने का आश्वास दिया था। जिससे श्रमिक उनके आश्वासन पर टिके हुए थे। उन्होंने कहा कि गुरुवार को हमें पता चला है कि श्रमिकों के वेतन कटौती के आदेश दिए जा रहे हैं। जिसमें जानकारी मिल रही है कि कुछ चीनी मिलों में कटौती के साथ वेतन जारी करने के आदेश हो चुके हैं। ऐलान किया कि श्रमिक किसी भी कीमत पर वेतन कटौती स्वीकार नहीं करेंगे। अब से 10 वर्ष पुराना वेतन हम नहीं लेंगे, चाहे इसके लिए हमें कितना भी संघर्ष करना पड़े हम करेंगे। श्रमिक नेता ने बताया कि इस मामले को लेकर दो जुलाई को न्यायालय में सुनवाई होनी है, लेकिन इन्होंने सुनवाई का इंतजार भी नहीं किया है। कहा कि उत्तराखंड सरकार ने वर्ष 2018 में श्रमिकों को 20 करोड़ रुपये दिए थे,



जिसमें उनका वेज एविजन वापस लिया था, लेकिन आज सरकार उस वेज एविजन को समाप्त कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में जो 20 करोड़ रुपये दिए गए थे। वह श्रमिकों के साथ ही कारखाने में कार्यरत अन्य कर्मचारियों के वेतन के लिए भी दी गई थी, लेकिन उन केंद्रीकृत कर्मचारियों के वेतन के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है, केवल मजदूरों के वेतन में छेड़छाड़ की जा रही है। उन्होंने कहा कि शुगर वेज बोर्ड के मजदूरों को न तो चिकित्सा सुविधा मिलती है और ना ही किसी तरह का प्रमोशन दिया जाता है। मात्र वेतन के सहारे वह अपना व अपने परिवार का जीवन किसी तरह चला रहा है। इस अवसर पर चीनी मिल श्रमिक संगठनों के मनोज यादव, त्रिलोक चंद्र, सूर्यप्रताप सिंह, मनोज अग्रवाल, अजय श्रीवास्तव, तारादत्त उपाध्याय, भूपेंद्र पोखरिया, श्याम सुंदर, किशोरी लाल शर्मा, अनिल चौधरी, दीपक सक्सेना, तीर्थराज राठौर, अतुल गोयल, मोहन स्वरूप, आसिम मलिक, इरफान, मीरा अधिकारी मंजू जोशी इंद्र बनेशी अजय श्रीवास्तव, मनोज यादव, मनोज अग्रवाल , अनिल चौधरी , , मनोज कुमार ,तारा उपाध्याय , श्याम बहादुर , मीरा अधिकारी ,मंजु सिंह, पुष्पा संनवाल, सतीश फुटेला, सतीश तिवारी, राजेंद्र यादव, मुखत्यार अली, अन्य समस्त कर्मचारी एवं समस्त श्रमिक उपस्थित थे।

# सांसद भट्ट ने की वन खत्तों के वाशिंदों को मालिकाना हक देने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखते हुए वनाधिकार अधिनियम 2006 (संशोधन 2012) के अन्तर्गत बिंदुखत्ता सहित पूर्वी तराई के प्रभावित पशुपालक परिवारों को भूमि का मालिकाना हक एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान किये जाने मांग की है। श्री भट्ट ने कहा है कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत तराई पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न खत्तों जैसे- बिंदुखत्ता, रैखाल खत्ता, तुनीखाल (होराई) खत्ता, डौली खत्ता, खमारी खत्ता, बौद खत्ता, हंसपुर खत्ता, जौलासाल खत्ता एवं कड़ापानी खत्ता में कई दशकों से रह रहे पशुपालक परिवारों को अभी तक वनाधिकार अधिनियम 2006 (संशोधित 2012) के अन्तर्गत भूमि का मालिकाना हक प्राप्त नहीं हुआ है। समस्त क्षेत्रवासियों द्वारा अवगत कराया है कि सैकड़ों वर्षों से वन भूमि पर बसे ग्रामवासी सरकारी योजनाओं एवं अन्य बुनयादी सुविधाओं से वंचित लम्बे समय से वनाधिकार कानून (एफ०आर०ए०) के तहत राजस्व ग्राम घोषित होने की प्रतीक्षा कर रहे है। इस प्रकरण को लोगो की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए संसद में भी उठाया था। इन खत्तों के सभी नागरिक लोकसभा एवं विधानसभा में मतदान करते है, परन्तु ग्रामसभा, क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायतों में इन्हें चुनाव का अधिकार नहीं है, जो लोकतंत्र की इकाई पंचायतों के चुनावों के लिए, वन-कानूनों के कारण नागरिकों के, मौलिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है। श्री भट्ट ने अपने पत्र में कहा है कि उपरोक्त खत्तों के निवासियों ने 1883 से पूर्व जंगलात क्षेत्र में अपने पशुओं के साथ स्थायी रूप से निवास करना प्रारम्भ किया था और आज भी वे वहीं पर जीवन-यापन कर कर रहे हैं। उपरोक्त खत्तों/गोठों/वन गांवों समेत उत्तराखण्ड के ऐसे खत्तों एवं वनों में पीढ़ियों से रहने वाले गोठों एवं वन खत्तों के भारतीय नागरिकों को लोकतंत्र की सीढ़ी पंचायत चुनावों से बन कानूनों के कारण दूर रखा गया है। बिन्दुखत्ता भी इसका जीता जागता उदाहरण है, जहां पर देश की रक्षा के लिए शत्रुओं को मुंहतोड़ जवाब देने वाले सेवानिवृत्त सैनिकों समेत, लगभग 50 हजार जनता के रहने का



अनुमान है। यहां के नागरिक लोकसभा एवं विधानसभाओं में मतदान तो देते है, परन्तु पंचायत चुनावों में मतदान से वंचित रहते है, इसी कारण वन क्षेत्रों में ग्राम सभाओं, क्षेत्र पंचायतों एंव जिला पंचायतों को मिलने वाली जिला योजनाओं, केन्द्रीय योजनाओं, राज्य योजनाओं, सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, बैंक, पोस्ट ऑफिस, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पेंशन (वृद्धावस्था) एवं आयुष्मान कॉर्ड, जल जीवन मिशन जैसी मूलभूत सुविधाओं के लाभ से वंचित कर दिया जाता है, जबकि ये सभी भारत के नागरिक है। ये सभी स्थान जंगलों के बीच में हैं, जहां बाघ, चीता, हाथी आदि जंगली जानवरों का भयंकर जतरा है। श्री भट्ट ने पत्र में लिखा है कि उन्होंने स्वयं इन स्थानों में जाकर देखा कि प्राईमरी विद्यालय घासफूस की झोपड़ी में चल रहे हैं और इसके बाद की पढ़ाई जंगलों से बाहर नहीं जा पाने के कारण समाप्त हो जाती है ऐसी स्थिति में मूल अधिकारों से वंचित लोगों को उनके शिक्षा जैसे मूल अधिकार जो संविधान के अनुच्छेद 21 ए के द्वारा प्रदत्त किया गया है, से वंचित करना कतई न्यायोचित नहीं है, बल्कि मूल अधिकारों का उल्लंघन है। इसी प्रकार मतदान के कानूनी अधिकार जो संविधान के अनुच्छेद 326 द्वारा प्रदत्त किया गया है, का भी खुला उल्लंघन है, क्योंकि विधानसभाओं/लोकसभाओं में उपरोक्त वनवासियों को मतदान का अधिकार तो है, परन्तु पंचायती चुनाव में इन्हीं वनवासियों को मतदान देने का अधिकार नहीं है, जो संविधान की मूल भावनाओं के विपरीत है। श्री भट्ट ने आग्रह किया है कि ऐसी स्थिति में वन कानूनों की आज के परिप्रेक्ष्य में पुनः समीक्षा की जानी आवश्यक प्रतीत होती है। वन खत्तों मे रहे परिवारों द्वारा सम्बन्धित विभागों के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किये गए, लेकिन प्रक्रियात्मक अड़चनों के कारण उन्हें अब तक उनके अधिकार नहीं मिल सकें हैं।वन खत्तों में रह रहे परिवारों ने वन विभाग द्वारा परिवारों का नाम चारागाह रजिस्टर में दर्ज किये जाने, भूमि पर मालिकाना हक प्रदान कर खत्तों को राजस्व ग्राम घोषित किये जाने, प्रत्येक खत्तों में सोलर संचालित आर०टी०जन की व्यवस्था करने, प्रत्येक खत्तों में विद्युत व्यवस्था करने, सड़कों का निर्माण करने एवं खमारी खत्ता, बौढ़खत्ता में पूर्व से झोपड़ी में चले आ रहे प्राईमरी स्कूल का नव निर्माण कराते हुए भवन निर्माण किये जाने हेतु मांग की है, जो जनहित में अति आवश्यक है। श्री भट्ट ने कहा है कि जनभावनाओं के अनुरूप उपरोक्त खत्तों को राजस्व ग्राम घोषित किये जाने हेतु उचित कार्यवाही करने का कष्ट करेंगे ताकि इन सभी परिवारों को सरकारी योजनाएं एवं अन्य विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ मिल सकें तथा उनके पंचायतों में मतदान देने के मूल अधिकारों को बहाल किया जा सकें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि समीक्षा हेतु एक कमेटी बनाकर, पंचायतों के चुनावों में खत्तों/गोठों/बन गांवों को लोकसभा एवं विधानसभाओं की तरह से मतदान कराने के लिए संविधान के अनुरूप निर्णय किया जा सकें।

## डा. अणथ्वाल का नगर निगम में किया स्वागत

रूद्रपुर। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष डा. पंडित राजेन्द्र प्रसाद अणथ्वाल का प्रथम बार नगर निगम आगमन पर महापौर विकास शर्मा ने स्वागत किया




और उन्हें शॉल ओढ़ाकर सममनित किया।नगर निगम में आयोग के अध्यक्ष डा. राजेन्द्र प्रसाद ने महापौर विकास शर्मा के साथ गौ संरक्षण एवं संवर्धान को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार विशेष प्रयास कर रही है। आवारा पशुओं के संरक्षण और सड़क पर पशुओं के कारण होने वाले हादसों को लेकर सरकार योजना बनाकर काम कर रही है। गौ तस्करी रोकने के लिए पुलिस को सख्त निर्देश दिये गये हैं। पुलिस निरंतर गौ तस्करों के खिलाफ अभियान चला रही है।।गौ संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वालों को सरकार प्रोत्साहन दे रही है। कोई भी व्यक्ति या एनजीओ अपनी भूमि पर गौशाला निर्माण करता है तो वह अपनी 40 प्रतिशत धनराशि ही लगायेगा एवं 60 प्रतिशत धनराशि सरकार देगी। इस दौरान महापौर विकास शर्मा ने आयोग के अध्यक्ष को बताया कि नगर निगम की ओर से गौ संरक्षण के लिए गौशाला का निर्माण किया जा रहा है जल्द ही गौशाला बनकर तैयार हो जायेगी। जिसमें शहर में आवारा घूमने वाले गौवंशीय पशुओं का संरक्षण किया जायेगा। गौशाला में सभी जरूरी सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही है। आयोग के अध्यक्ष ने नगर निगम द्वारा गौ सेवा हेतु किये जा रहे कार्यों की सराहना की तथा भविष्य में आयोग की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। स्वागत करने वालों में नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, हिमांशु शुक्ला, पवन राणा, सचिन मुंजाल, वरूण मुंजाल आदि भी मौजूद रहे।

## योग दिवस से पूर्व निकाली जनजागरूकता रैली

गदरपुर(उद संवाददाता)। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा,नगर पालिका परिषद गदरपुर के अधिशासी अधिकारी संजीव मेहरोत्रा व पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर के नेतृत्व में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों से पूर्व राजकीय इंटर कॉलेज से मुख्य बाजार होते हुए सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार तक एक रैली का आयोजन किया गया। गुंजन सुखीजा ने बताया कि 21 जून को प्रातः 6:30 बजे सनातन धर्म मन्दिर गदरपुर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जायेगा। पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर ने सभी क्षेत्रवासियों से 21 जून प्रातः 6:30 बजे श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में पहुंचकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सहभागिता करने की अपील की ।उन्होंने बताया,योग शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से विभिन्न



प्रकार के योग करवा कर उनसे होने वाले लाभ तथा नियमों की जानकारियां दी जाएंगी । इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की शशि कला,सीमा, किरन जोशी, सुप्रिया,अमृता त्रिपाठी,राधा मिगलानी आंगनबाड़ी की आनंदी देवी, गीता पपोला, षष्टी देवी, सुनीता ध्यानी,संगीता रानी, प्रेमलता मौर्य, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ज्योति अरोड़ा, रिया गुंबर, मानसी शर्मा,प्रेस क्लब अध्यक्ष जय किशन अरोड़ा, दीपक सुधा, अभिषेक गुंबर, विनोद भुसरी ,नरेश हुड़िया, अभिषेक वर्मा, सभासद रमन छाबड़ा, अश्वनी कुमार, परमजीत सिंह,मुकेश चावला, चिंतन अरोरा, सतीश बत्रा, सुरेश खुराना,सोनू कुमार,आकाश कोचर, सुबोध कुमार शर्मा, नीरज गुंबर, विजेंद्र कुमार ,राजेंद्र कुमार, अरुण, मुकेश भंडारी सहित अन्य पालिका कर्मी मौजूद रहे।

## निगम कूड़ा वाहन चालक के विरूद्ध केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगम दिवस काशीपर रोड़ पर ड्यूटी पर जा रहे बाईक सवार व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल कर देने वाले नगर निगम के कूड़ा वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में अनस पुत्र रफीक अहमद निवासी खेडा वार्ड 17 ने कहा है कि 17 जून की सुबह उसके पिता रफीक अहमद खेड़ा से डूयूटी करने अपनी बाईक संख्या यूके 06एएन 4687 से काशीपुर रोड बिन्दुखेड़ा मोड स्थित कम्पनी जा रहे थे। तभी गल्ला मण्डी मोड़ हाईवे पर एक दम से बिना साईड देखे नगर निगम कूड़ा वाहन संख्या यूके 06 5793के अज्ञात चालक ने गाड़ी मोड़ दी। जिससे उक्त गाडी का पिछला हिस्सा उसके पिता की गर्दन में जाकर लगा और वह गम्भीर रूप से घायल हो गयें। उनकी हालत काफी नाजुक बनी हुई हैं वह निजी अस्पताल में आईसीयू में भर्ती है। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 15 दिनों के भीतर कार्यभार ग्रहण करना जरूरी-डीजी हेल्थ

काशीपुर(उद संवाददाता)। शासनादेश के आधार पर बीते दिनों प्रदेश के जिन मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों के तबादला किए गए हैं उन्हें 15 दिनों के भीतर कार्यभार ग्रहण करना होगा। यह जानकारी उत्तरांचल दर्पण प्रतिनिधि से मोबाइल फोन पर बातचीत करते हुए स्वास्थ्य महानिदेशक सुनीता टम्टा ने दी। उन्होंने कहा कि निश्चित अवधि के बाद भी यदि कोई शासनादेश की अनदेखी करता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि समयावधि के बाद प्रत्यावेदन आने पर कारणों की जांच के बाद विभाग से उचित निर्देश जारी किए जाते हैं। यहां बता दे कि बीते 10 जून को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने राज्य के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में कार्यरत 51 सीएमएस के तबादलों की लिस्ट जारी की।

## सहेली के साथ वृंदावन गई किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

सितारगंज। सहेली के साथ वृंदावन गई किशोरी एक हफ्ते बाद भी घर नहीं लौटी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया। घटना के बारे में पुलिस की तैयारी देकर गांव अरविंद नगर निवासी सुब्रत मंडल ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री संजना बीते 14 जून को उपरोक्त गांव निवासी सुकेन गोहा की 14 वर्षीय पुत्री पायल के साथ कहीं चली गई। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि दोनों लडकियां वृंदावन गई है। 17 जून को सुकेन की पुत्री पायल घर आ गई लेकिन उसकी पुत्री अब तक घर नहीं पहुंची। अनहोनी की आशंका को लेकर परिजन बेहद परेशान है। तमाम संभावित स्थानों पर खोजबीन के बाद भी जब किशोरी का कोई पता नहीं चला तो मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर गायब किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया

## युवक की मौत पर दो बहनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर । करीब आठ माह पूर्व ट्रांजिट कैम्प में वृंदावन निवासी एक युवक द्वारा कमरें में फांसी लगाकर की गई आत्महत्या के मामले में मृतक के पिता ने दो बहनों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज करा दिया है। जिसमें दोनों आरोपी बहनों पर पुत्र को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है। दर्ज रपट में सुनील कुमार पुत्र गोवरधन वर्मा निवासी मोती झील, वृन्दावन, जिला-मथुरा, उत्तर प्रदेश ने कविता पाण्डेय पुत्री अज्ञात व दिव्या पाण्डेय पुत्री अज्ञात के विरूद्ध कहा है कि उसके पुत्र विशाल वर्मा की कविता पाण्डेय नाम की लड़की जो कि अल्मोडा निवासी है से कुछ समय पहले मोबाईल फोन के जरिए दोस्ती हो गई थी। कविता पाण्डेय की दूसरी बहन दिव्या पाण्डेय की बात भी पुत्र विशाल वर्मा से होती रहती थी। उसके पुत्र विशाल वर्मा को उक्त दोनों बहनों ने बहला फुसला कर वृन्दावन से रूद्रपुर बुला लिया। अगस्त 2024 से पुत्र अपने सारे दस्तावेज लेकर रूद्रपुर आ गया। दोनों बहनों ने पुत्र विशाल वर्मा को ट्रांजिट कैम्प में किराये का कमरा दिलवाया और उसके कमरे पर आती जाती रहती थी। पुत्र रूद्रपुर सिडकुल में किसी कम्पनी में कार्य कर रहा था। उसके पुत्र विशाल वर्मा तथा उक्त कविता पाण्डेय से प्रेम प्रसंग के चलते दोनों में शादी करने की बात हो गई थी। 11अक्टूबर 2024 पुत्र विशाल के मित्र वृदावन निवासी कृष्ण मुरारी चौधरी को उक्त दोनों बहनों के द्वारा मोबाईल से सूचना दी गई कि विशाल वर्मा ने अत्महत्या कर ली है। पुत्र सुनील कुमार के किराये के कमरे का पता भी दोनों बहनों ने बताया था। जहां पहुंचने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुँच कर शव का पोस्टमार्टम कराया और मृतक पुत्र सुनील कुमार के शव का सुपुर्दगीनामा बना कर शव को उसके हवाले कर दिया ।

## पेज एक का शेष...

**मिट्टी से सात घड़ा सोना...**के सितारा होटल में रुके। 21 फरवरी को हम सभी नानकमत्ता गए जहां पर सोनू ने कहा कि आप अपनी गाड़ी गुरुद्वारा में पार्किंग कर दो। शाम को 6 बजे सोनू के फोन पर राजू सरदार का फोन आया कि आप पैसे लेकर मेरे गांव कैथुलिया थाना नानकमाता आ जाओ। अमित ने बताया कि वह गांव में एक घर में गए। जहां एक सरदार मिला उस समय गांव में घर के पास अंधेरा हो रहा था। वचह बोला कि मैं सोने का घड़ा लेकर आता हूं, तभी अचानक से कुछ लोग जिनमें दो लोग वर्दी पहने हुए थे। उसके घर के आंगन में आए और हाथ से मेरे पैसों का बैग छीनने लगे जब विरोध किया तो उन्होंने कहा कि अगर बैग नहीं दिया तो जान से मार कर यही दफना देंगे पता भी नहीं चलेगा। उक्त सभी लोग पैसे लूटकर भाग गए। उसके बाद सोनू सरदार के कहने पर उनकी वेन्यू गाड़ी में बैठकर सोनू सरदार व मुन्ना सरदार के साथ वहां से निकल गया वापस हम लोग मुरादाबाद चले गए। पुलिस ने मामले की प्राथमिक की दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। मिट्टी के नीचे दबे घरे में सोने निकालने का लालच देकर गांव में बुलाकर पुलिस की वर्दी में दो लाख की लूट करने वाले बदमाशों को पुलिस ने कुछ हद तक चिन्हित कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक ग्राम कैथुलिया का ही एक युवक चिन्हित कर लिया है। जबकि अन्य पैसा लेकर फरार होने वाले युवकों की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस जल्द ही 2 लाख की लूट का खुलासा कर सकती है। इस लूट में सितारगंज के शराब व्यापारी की लूट में शामिल कुछ लोगों के नाम भी आ सकते हैं।

**तीन कारों की भिडंत मे...**जा रही कार की सामने से आ रही होंडा एकॉर्ड से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के दौरान देहरादून से ही विकासनगर जा रही तीसरी सफेद रंग की वेन्यू कार का चालक भी वाहन से नियंत्रण खो बैठा और इस हादसे की चपेट में आ गया। एक के बाद एक तीनों वाहन आपस में टकरा गये। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई, जबकि कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस ने घायलों को नजदीकी ग्राफिक एरा अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसा धूलकोट डाट काली मंदिर के पास हुआ। हादसे की वजह तेज रफ्तार और रॉन्ग साइड से गाड़ी ड्राइव करना माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक व घायलों के परिजनों को दे दी है। घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम छाया हुआ है।

**पहाड़गंज में मकानों पर लाल...**था जहां सरकारी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर गहरी चिंता जताई थी। जिसके बाद प्रीत बिहार और पहाड़गंज में दो दर्जन निर्माणाधीन भवनों को ध्वस्त कर दिया था। इस कार्यवाही के बाद जिला प्राधिकरण की टीम पहाड़गंज में उस भवनों पर जो सरकारी जमीन पर बिना स्वीकृत के बने हैं उन पर लाल रंग से नंबर डाल रही है। बताया जा रहा कि अब तीन सौ ज्यादा मकानों पर नंबर लिख दिए गए हैं। ऐसे भवनों पर कभी भी जेसीबी मशीन गरज सकती है। जिसको लेकर भवन स्वामियों में लगातार भय का माहौल बना हुआ है

**गोलीकांड का आरोपी...**रूद्रपुर को पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 1पिस्टल नाजायज 32 बोर मैगजीन,2 जिन्दा कारतूस भी बरामद किए। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते उसके द्वारा अपने साथियो रिजवी व एजाज के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। फरार रिजवान उर्फ रिजवी पुत्र नजीर और ईजाज पुत्र अल्ली दोनों उसी वार्ड के निवासी हैं। दोनों घरों से फरार है। तलाश की जा रही है। टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, एसएसआई ललित मोहन रावल, चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप कोहली, चौकी प्रभारी बगवाड़ा जितेन्द्र कुमार,एसआई प्रियांशु जाशी,महेश राम,अमित कुमार,जगदीश पाठक आदि शामिल रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


# अपराधियों और शराब माफियाओं पर चला पुलिस कप्तान का चाबुक

**-मनोज श्रीवास्तव-**

काशीपुर। एसएसपी मणिकांत मिश्र के निर्देश पर कुंडेश्वरी पुलिस ने गांव रमपुरा में छापामार कार्यवाही करते हुए कच्ची शराब की कसीदगी के लिए जमीन में दबाकर रखे गए लगभग 10 हजार लीटर से भी अधिक लहन को नष्ट करते हुए शराब की भट्ठियों को तहस-नहस कर दिया। अचानक हुई पुलिस की कार्यवाही से अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों में हड़कंप देखा जा रहा है। बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्र को काशीपुर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब के कसीदगी की सूचना मिल रही थी। नशे के खिलाफ चलाएं अभियान के क्रम में एक्शन में आए एसएसपी ने तल्ख रुख अपनाते हुए शराब माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए। इस पर हरकत में आए पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह सतर्क हो उठे। कोतवाल अमरचंद शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक संतोष देवरानी ने तेज तर्रार कांस्टेबल मुकेश कुमार के साथ पर्याप्त पुलिस बल लेकर जब रामनगर रोड स्थित रमपुरा में छापामार कार्यवाही की तो पुलिस मौके का नजारा देखकर हैरान रह गई। मौके पर शराब बनाने में प्रयुक्त लाहन के काफी सारे गड्ढे पाए गए जिनमें गुड़ को सड़ाकर बड़े-बड़े पॉलिथीन में जहरीली शराब बनाने की पुरजोर तैयारी थी। शराब माफियाओं के अरमानों पर पानी फेरते हुए पुलिस टीम ने लगभग 10 हजार लीटर लहन नष्ट करते हुए झाड़ियां से कच्ची शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाले चार ड्रमों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। इसी के साथ अन्य उपकरणों को पुलिस ने वही नष्ट कर दिया। अचानक पुलिस द्वारा की गई कार्य वाही से कच्ची शराब के कारोबारियों में हड़कंप मच गया और वह मौके से भाग खड़े हुए। पुलिस टीम लहन एकत्रित करने वालों की तलाश में जुटी है।

## कंचन छह माह के लिए जिला बदर

काशीपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्र के निर्देश पर अपराधिक व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही के क्रम में पिछले कई वर्षों से अवैध कच्ची शराब की कसीदगी/तस्करी व बिक्री में लिप्त हरगनिया कॉलोनी टांडा उज्जैन निवासी कंचन सिंह पुत्र लाल सिंह को 6 माह के लिए जिला बदर कर दिया गया। यह कार्यवाही न्यायालय द्वारा परीक्षण के उपरांत गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 की धारा 3 के तहत अमल मे लाई गई। यहां बता दें की तड़ीपार किए गए कंचन सिंह के खिलाफ थाना कोतवाली में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत दर्जनों मुकदमे दर्ज है। पिछले दो दशक से भी अधिक समय से वह अपने घर एवं रेलवे प्लेटफार्म के पास से जरायमपेशा को अंजाम देता था।



## जसपुर में भी हालात बद से बद्तर

जसपुर। क्षेत्र में भी आबकारी की खाऊ कमाऊ नीति के कारण जहरीली शराब का कारोबार जड़ जमा चुका है। हालात ऐसे हैं कि सिविल पुलिस को आबकारी की जिम्मेदारी भी निभानी पड़ रही है। यहां दर्जनो गांव ऐसे हैं जहां जरायम पेशा कारोबार कुटीर उद्योग बन चुका है। अवैध कच्ची शराब के मामले में एक ओर जहां काशीपुर के रमपुरा, खाईखेड़ा, कनकपुर, छोटी बरखेड़ी, बड़ी बरखेड़ी, खड़कपुर देवीपुरा, वीरपुर कटैया, बांसखेड़ा, गिन्नी खेड़ा आदि गांव कुख्यात हैं वहीं दूसरी ओर जसपुर में कालियावाला, पतरामपुर, भोगपुर डाम, रायपुर, पूरनपुर, गुलरपुर, किशनपुर, महुआ डाबरा, हरिपुर, अंगदपुर, बेंतवाला, बक्सौरा, भगवंतपुर, भरतपुर, भवानीपुर, गणेशपुर, गंगापुर रकबा, गढ़ी हुसैन, गूलरगोजी, हल्दुआ साहू, हरिया वाला, जगतपुर, जगतपुर पट्टी, जसपुर पट्टी, कलिया वाला, करमपुर, कासमपुर, केसरीपुर, किलावली, लालपुर, मंडुवा खेड़ा, मिस्सरवाला, नवलपुर , पतरामपुर, संन्यासीवाला व सरवरखेड़ा आदि क्षेत्रों में बेखौफ धधक रही हैं अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां लेकिन आबकारी को नोटों की चमक के आगे काला सच दिखाई नहीं देता।

## महापौर ने स्वामी उपेन्द्रानंद जी महाराज से लिया आशीर्वाद

रूद्रपुर। महापौर विकास शर्मा ने रविन्द्र नगर स्थित श्री मनकामेश्वर मंदिर में नेमीशरण से पधारे श्री उपेन्द्रानंद जी महाराज से भेंट करते हुए उनका आशीर्वाद निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए नगर निगम की ओर से मंदिर के निर्माण कार्यों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मंदिर के विकास के लिए शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों में भी कई विकास कार्य कराये जायेंगे। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ साथ मंदिरों का सौंदर्यीकरण भी




लिया और नगर आगमन पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर ने मंदिर के महंत स्वामी श्री नारायण चौतन्य जी महाराज के साथ मंदिर परिसर का निरीक्षण भी किया और मंदिर में होने वाले नगर निगम के स्तर से जो भी संभव होगा वह किया जायेगां उन्होंने कहा कि शहर के सभी प्रमुख मंदिरों को सजाने और संवारने का उन्होंने संकल्प लिया है। अटरिया मंदिर से इसकी शुरूआत हो चुकी है जल्द ही उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान विजय फुटेला,सुरेश मदान, अजय फुटेला, अशोक अरोड़ा, सुभाष खंडेलवाल, अनीता फुटेला, बल्ला माता, आस्था फुटेला, शशि अरोड़ा आदि लोग मौजूद थे।

## एआर कोऑपरेटिव के पद पर हरिश्चंद्र खंडूरी ने संभाला पदभार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उप निबंधक कुमाऊं मंडल सहकारी समितियां के पद पर कार्यरत हरिश्चंद्र खंडूरी ने गुरुवार को उधम सिंह नगर के जिला सहायक निबंधक पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनके पदभार संभालने पर विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें गर्मजोशी से स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं। खंडूरी का यह कार्यभार ग्रहण एक तरह से 'घर वापसी' जैसा है, क्योंकि वे पूर्व में भी इसी पद पर रहकर सहकारिता विभाग की ओर से किसानों के लिए संचालित तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचने का कार्य बखूबी कर चुके हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता लाने के साथ साथ ही समितियों के उत्थान की दिशा में प्रभावशाली प्रयास किए। स्वयं सहायता समूहों , दुग्ध समितियों, और कृषि आधारित सहकारी समितियों को मजबूती देने के लिए उन्होंने कई अभिनव पहलें भी की थीं। वहीं पूर्व जिला सहायक निबंधक सुमन कुमार का उधम सिंह नगर से देहरादून स्थानांतरण होने पर विभाग द्वारा उन्हें विदाई दी गई और उनके कार्यकाल की सराहना भी की गई।







